CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम: 16°C

मुरादाबाद, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 231 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 18 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सत्ता नहीं, संस्कार की है भाजपा की विकास यात्रा: योगी पेज 2



ऑरेंज कैप की दौड़ में समीर रिजवी सबसे आगे खेल टाइम्स



राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय सम्पादकीय



युद्ध कई साल चला, तो भी नहीं होगी मिसाइलों की कमी: ईरान पेज 12

# ईरान ने ठुकराया युद्धविराम का प्रस्ताव, हमले जारी रहने तक नहीं होगी सीधी बातचीत

**तेहरान, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की चेतावनियां मिल रही हैं, तो दूसरी ओर ईरान खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बना रहा है।

इस बीच, ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर से पेश किए गए प्रस्तावों पर अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजरायल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। यह युद्धविराम विरोधी पक्ष को फिर से संगठित होने और अपनी कार्रवाई जारी रखने का मौका दे सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज स्ट्रेट के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है। तेहरान में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि जरूरत पड़ने पर तेहरान 'अपनी पूरी ताकत' से अपने देश की रक्षा करेगा।



■ अस्थायी युद्धविराम के बदले होर्मुज स्ट्रेट खोलने से किया इन्कार

## ईरान की सबसे बड़ी गैस फील्ड पर इजरायल का हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर से मिसाइल हमला किया। यह दुनिया की सबसे बड़ी गैस फील्ड है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले इजरायल ने 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड पर हमला किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी। तब ट्रम्प ने ये भी कहा था कि इस तरह के और हमले नहीं होने चाहिए। वहीं सोमवार को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाज सुनी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। ईरान ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका और इजरायल के हमले बढ़े, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन को ठप कर देगा।

■ ट्रम्प ने यहां अटैक करने से मना किया था, जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास धमाका

## हमले में IRGC के खुफिया एजेंसी के प्रमुख की मौत

**तेहरान।** आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मेजर जनरल मजीद खादमी की अमेरिका-इजरायल के हमले में मौत हो गई है। आईआरजीसी ने सोमवार को एक बयान में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि आईआरजीसी के खुफिया संगठन के प्रमुख मजीद खादमी की सोमवार सुबह अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली विस की सुरक्षा में चूक, बैरियर तोड़कर घुसी कार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला सरबजीत है।

### दो जहाज जल्द 60 हजार टन एलपीजी लेकर पहुंचेंगे भारत

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए राहत की खबर है। सरकार ने बताया कि एलपीजी (रसोई गैस) लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं और जल्द भारत पहुंचेंगे। इन जहाजों के नाम ग्रीन सान्वी और ग्रीन आशा हैं। इनमें कुल मिलाकर 60 हजार टन से ज्यादा गैस है। ग्रीन सान्वी 7 अप्रैल और ग्रीन आशा 9 अप्रैल तक भारत पहुंच सकते हैं। सरकार के मुताबिक, दोनों जहाज पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनमें भारतीय नाविक भी सवार हैं। एक जहाज में करीब 46 हजार टन और दूसरे में लगभग 15 हजार टन गैस है।

### ब्रह्मोस प्रोजेक्ट से जुड़े अलेक्जेंडर लियोनोव की मौत

**मास्को।** ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट से जुड़े रूस के प्रमुख वैज्ञानिक अलेक्जेंडर लियोनोव का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे रूस के प्रमुख मिसाइल डिजाइनरों में शामिल थे। लियोनोव एनपीओ माशिनोस्ट्रोएनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर थे, जो भारत-रूस की ब्रह्मोस एयरोस्पेस का प्रमुख साझेदार है। उन्हें उन्नत मिसाइल तकनीक के विकास के लिए जाना जाता था। उन्होंने जिरकान हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल समेत कई अहम प्रोजेक्ट्स में योगदान दिया। उन्होंने ग्रेनिट, वल्कन और बास्टियन जैसे मिसाइल और कोस्टल डिफेंस सिस्टम्स के विकास में भी भूमिका निभाई थी।

# बंगाल SIR: सुप्रीम कोर्ट गंभीर

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए तय की एक दिन की समयसीमा

### ट्रिब्यूनल को भी निर्देश जारी किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची अपडेट के लिए एक दिन की समयसीमा तय की है।

शीर्ष कोर्ट ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) न्यायाधिकरणों को दस्तावेजों को फिर से देखने का आदेश दिया है। शीर्ष कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हमने न्यायाधिकरणों से अनुरोध किया है कि वे पूरी दस्तावेजी प्रक्रिया को फिर से देखें, जिसमें न्यायिक अधिकारियों की ओर से दिए गए कारण भी शामिल हैं, ताकि किसी भी तरह के संदेह को दूर किया जा सके। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमने उनसे अनुरोध किया है कि पक्षों की निष्पक्ष सुनवाई की जाए। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के दावों और आपत्तियों पर न्यायिक अधिकारियों ने अब तक 59 लाख से अधिक मामलों का निपटारा कर दिया है। आयोग ने कोर्ट को बताया कि बाकी बचे दावों और आपत्तियों पर दिन में फैसला किया जाएगा, ताकि सभी मामलों का निपटारा समय पर हो सके। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शेष मतदाताओं की पूरक सूची आज रात प्रकाशित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने उस पत्र का हवाला दिया, जो कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भेजा था। इस पत्र में बताया गया कि हटाए गए 60 लाख मतदाताओं के दावों पर लगातार काम चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि मालदा जिले में लगभग आठ लाख दावों का निपटारा कर दिया गया है। कोर्ट ने इस प्रगति पर संतोष जताया और कहा कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द पूरा होना चाहिए।

### मालदा घटना: हाईकोर्ट सीजे का फोन न उठाने पर मुख्य सचिव को लगाई फटकार, कहा- माफी मांगो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों के घेराव की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को मालदा के मामले से जुड़े दस्तावेज एनआईए को सौंपने का निर्देश दिया और कहा कि स्थानीय पुलिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विशेष अधिकार अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए मालदा की घटना से जुड़े सभी मामलों की जांच एनआईए को सौंप दी है।



### राजमार्ग पर आवारा पशु सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार और अन्य को सुप्रीम नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की एक याचिका पर केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायालय ने देश के राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रबंधन से जुड़े विषयों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका पर जवाब मांगा है। 'लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल' द्वारा दायर इस याचिका में राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर विशेष रूप से दुर्घटना-संभावित हिस्सों पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने की मांग की गई थी।

# सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा लाया गया महाभियोग प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। 190 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस प्रस्ताव को 6 अप्रैल 2026 को राज्यसभा के सभापति द्वारा खारिज किया गया। विपक्ष ने उन पर मतदाता सूची में हेरफेर और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के आरोप लगाए थे।

टीएमसी के नेतृत्व में विपक्ष ने लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिया था, लेकिन यह बजट सत्र में आगे नहीं बढ़ पाया। विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची से नाम हटाने, चुनावी प्रक्रिया में पक्षपात और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया था। सीईसी को हटाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान महाभियोग की कठिन प्रक्रिया (विशेष बहुमत) की आवश्यकता होती है, जो भारत में अब तक किसी सीईसी के खिलाफ नहीं हुई। यह भारत के संसदीय इतिहास में किसी सेवारत मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की पहली कोशिश थी। सूत्रों के मुताबिक इस पहल की शुरुआत टीएमसी ने की थी। पार्टी ने अन्य विपक्षी दलों को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए सहमत किया। इससे पहले टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सौगत राय ने कहा था कि उनकी पार्टी संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं को संदेह के दायरे में डाल दिया गया है। राय का दावा था कि करीब 59 लाख मतदाताओं को एडजुडिकेशन लिस्ट में रखा गया है जो बेहद बड़ी संख्या है और इससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं।एक वरिष्ठ सांसद के अनुसार हस्ताक्षर करने वालों में इंडिया गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के सांसद शामिल रहे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी इस पर हस्ताक्षर किए थे। हालांकि पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, फिर भी उसने इस पहल का समर्थन किया है। कुछ निर्दलीय सांसदों के भी नोटिस पर हस्ताक्षर करने की जानकारी मिली थी।



■ 190 से अधिक सांसदों ने किए थे हस्ताक्षर

■ इतिहास में पहली बार आया था सीईसी को हटाने का प्रस्ताव

### उप्र में RO व ARO परीक्षा का परिणाम घोषित, 419 सफल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 का परिणाम रविवार देर रात घोषित कर दिया। आयोग के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में कुल 419 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिनमें 338 समीक्षा अधिकारी तथा 81 सहायक समीक्षा अधिकारी शामिल हैं। परिणाम के अनुसार अनिल पांडेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि आदित्य प्रताप सिंह दूसरे तथा लक्ष्मी वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं।

# बागपत में तोतों के तीन तस्कर अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के पास से 170 दुर्लभ प्रजाति के तोते बरामद किए हैं। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उनके दो साथी मौके से फरार हो गए।

यह कार्रवाई मवीकला टोल के निकट एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने के बाद की गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान उसमें सात प्लास्टिक के बक्से मिले, जिनमें तोतों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस और एनिमल वेलफेयर एसोसिएशन की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि उन्हें तोतों की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी। इसके बाद एक जाल बिछाया गया और बागपत पुलिस से संपर्क किया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों की पहचान कन्नौज निवासी खुर्शीद, मोहसिन और राजा के रूप में हुई है। फरार हुए दो साथियों के नाम शमीम और सोहराब बताए गए हैं, जिनकी तलाश जारी है। गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि ये तोते राजस्थान से गाजियाबाद के लोनी ले जाए जा रहे थे। तस्कर एक निजी गाड़ी का इस्तेमाल कर रहे थे। सूचना के आधार पर ही इन आरोपियों को पकड़ा गया। फिलहाल, बागपत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



■ आरोपियों से 170 दुर्लभ तोते बरामद

# मुजफ्फरनगर में तीन को फांसी की सजा सुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के सनसनीखेज कांड अधिवक्ता समीर सैफी अपहरण हत्या और लाश को छुपाने के मामले में अदालत ने एक एतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि इस कांड के सहयोगी नौकर को सात वर्ष की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने इसमें दस लाख रुपये का आर्थिक दण्ड भी लगाया है। इस फैसले के बाद पीडित परिवार ने कोर्ट का शुक्रिया ही नहीं किया, राहत की सांस भी ली है।

बता दे कि 15 अक्टूबर 2019 को अधिवक्ता समीर सैफी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। काफी समय बाद भी जब समीर सैफी घर नहीं लौटे, तो परिवार की चिंता ने उन्हें थाने तक पहुंचा दिया था। अधिवक्ता के संबंध में नगर कोतवाली पुलिस को जानकारी दी गई, जहां परिवार के लोग पुलिस समीर सैफी की तलाश में जुट गए थे। 19 अक्टूबर को अधिवक्ता समीर सैफी का शव भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी के जंगल में दबा हुआ मिला था। अधिवक्ता का शव मिलने के बाद यह मामला पूरी तरह सनसनीखेज बन गया था और इस मामले की छानबीन के दौरान पुलिस ने पाया था कि यह मामला 45 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। पुलिस ने गहनता से छानबीन की, तो सामने आया कि पहले समीर का अपहरण किया गया और कार में बैठाकर उनको सीकरी स्थित एक फार्म हाउस पर ले जाया गया, जहां गला दबाकर हत्या करने के बाद शव को मिट्टी में दबा दिया था, यानी कि मुल्जिमों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से यह वारदात की थी, लेकिन आरोपी ज्यादा दिन तक कानून के शिकंजे से नहीं बच सके। पुलिस ने इस मामले में सोनू उर्फ रिजवान पुत्र अजहर खान निवासी गढ़ी गौरवान बकरा मार्किट, सिंगौर अल्वी पुत्र मुंतकी अल्वी व शालू उर्फ अरबाज पुत्र मशकूर खान निवासीगण गढ़ीगौरवान बकरा मार्किट थाना शहर कोतवाली आदि को जेल भेज दिया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट तृतीय के यहां विचाराधीन था। इस मामले में नौकर दिनेश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम सीकरी थाना भोपा का रोल लाश छिपाने में दिखा गया था। यह गिरफ्तारी 20 अक्टूबर 2019 में की गई थी।

■ कोर्ट ने अधिवक्ता के दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

# भाजपा के स्थापना दिवस पर राष्ट्र प्रथम का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ कई वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया।

श्री नवीन ने इस मौके पर भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के संकल्प को दोहराया और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने तक का यह सफर कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो और असम में एक चुनावी रैली के माध्यम से कार्यकर्ताओं को बधाई दी और राष्ट्र प्रथम का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर चलते हुए समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों ने पार्टी को आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उन अनगिनत कार्यकर्ताओं को भी याद किया, जिनके त्याग और बलिदान ने पार्टी के विकास को आकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी के रूप में खड़ी है, जो लोगों की भलाई को अपने दृष्टिकोण के केंद्र में रखती है। यह केंद्र और विभिन्न राज्यों में हमारे काम में भी झलकता है। भाजपा एक 'विकसित भारत' बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारा सामूहिक संकल्प इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता रहे और भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संदेश में कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा से प्रेरित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का संकल्प है।





■ 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होने की जरूरत: पीएम मोदी

# सड़क हादसे में घायल मासूम की मौत

## इलाज के दौरान तोड़ा दम, परिजनों ने थाने में की कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर-शादीपुर मार्ग पर तीन दिन पहले हुए एक सड़क हादसे में घायल चार माह के मासूम दिव्यांश की इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने नहटौर थाने पहुंचकर आरोपी कार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम किशनपुर भोगन निवासी गौरव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन अप्रैल की रात करीब नौ बजे वह अपनी पत्नी आकाशा देवी और चार माह के बेटे दिव्यांश के साथ कार से गांव लौट रहे थे। ग्राम रुगड़ी के पास सामने से आ रही कार संख्या यूपी17 डब्लू 8860 के चालक संजीव निवासी ग्राम ककराला ने लापरवाही से कार चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में गौरव, उनकी पत्नी आकाशा देवी और बच्चा दिव्यांश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने बताया कि मासूम दिव्यांश की हालत बिगड़ने पर उसे पहले धामपुर, फिर बिजनौर और उसके बाद जौलीग्रांट (देहरादून) अस्पताल ले जाया गया। जौलीग्रांट भी हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया, जहां आज तड़के करीब चार बजे उपचार के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में शोक छा गया। आज सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष ग्रामीण थाने पहुंचे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई का भरोसा दिया। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी कार चालक संजीव के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस के आश्वासन और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ग्रामीण थाने से वापस लौटे। फिलहाल क्षेत्र में इस घटना को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

# भाकियू ने किया अभय का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटोरा मान में अभय प्रताप सिंह का सम्मान किया गया। उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा में तीसरी रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह सम्मान समारोह भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला प्रवक्ता चौधरी राजेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित किया गया था। इस मौके पर अभय प्रताप को फूल-मालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिका. रियों और ग्रामीणों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इनमें सुनील प्रधान (जिला अध्यक्ष), कुलदीप सिंह (प्रदेश महासचिव), रामावतार सिंह (जिला अध्यक्ष, ठाकुर सभा), महेश कुमार (अध्यक्ष) और मुनेश कुमार (ब्लॉक अध्यक्ष) शामिल थे।

अन्य उपस्थित लोगों में मुनिदेव, डा. विजय सिंह, मुनेंद्र काकरान, विकास चौधरी, दिलशाद अहमद, नौशाद अहमद, जैनेंद्र कुमार और अरुण नेताजी प्रमुख थे। अभय प्रताप की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल है।

## एक नजर

### चोरी का आरोपी दबोचा

**नांगल सोती।** लखनऊ पुलिस ने नांगल क्षेत्र के दहिरपुर में दबिश देकर चोरी के मामले में एक युवक को दबोचा है। जबकि एक अन्य की तलाश जारी है। लखनऊ पश्चिम जोन के नाका हिंडोला थाना क्षेत्र में हाल ही में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसकी रिपोर्ट लखनऊ थाने में दर्ज की गई थी। मामले में आज सीनियर उप निरीक्षक अवधेश कुमार यादव के नेतृत्व में कई सदस्य पुलिस टीम व सर्विलांस की संयुक्त टीम नांगल थाने पहुंची। टीम ने दहिरपुर में दबीश देकर एक बदमाश को कब्जे में लिया है। हिरासत में लिया गया युवक क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहता है। जबकि एक अन्य बदमाश अभी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है। पुलिस दोनों बदमाशों का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### मीमला में जागरूकता कार्यक्रम




**धामपुर।** स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय रायपुर मलूक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठ उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अली हसन, वीरेंद्र कुमार सिंह एवं विवेक बंसल ने कक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने और नियमित रूप से अनुशासनपूर्वक विद्यालय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। एआरपी अक्षय कौशिक एवं ललित वीर सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में देवेंद्र वर्मा, मंजु देवी, मृदुला रानी, विष्णु, रीतू रानी, भागेश, रचना देवी, कौशिल रवि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उधर, अल्हैपुर ब्लॉक के ग्राम मीमला स्थित कम्पोजिट विद्यालय में भी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेतन चौहान ने कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, नीलू कुमारी, अर्चना कुमारी, पूनम, चेतना, रमा, विमलेश एवं मोनिका अग्रवाल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### कई घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**नांगल सोती।** बीती रात आई तेज आंधी-तूफान से उच्च क्षमता की लाइन में फाल्ट हो गया। जिससे सौफतपुर बिजली घर से जुड़े 10 गांव की बिजली आपूर्ति 12 घंटे ठप्प रही। बिजली नहीं होने के चलते हजारों उपभोक्ताओं को पूरी रात जागकर काटनी पड़ी। सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, मायापुरी, चमरौला, लालपुर मान, महमसापुर, नांगल सोती, जीतपुर, खानपुर, शहजादपुर सहित 10 गांव को बिजली आपूर्ति की जाती है। बीती रात क्षेत्र में आई आंधी तूफान से बिजली घर को जोड़ने वाली उच्च क्षमता की लाइन में फाल्ट हो गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली आपूर्ति सुचारू न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज सुबह दस बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उधर बिजली घर के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि फाल्ट सही कराकर बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## एक नजर

### कुम्बल लगाकर दुकान में चोरी

**कोतवाली देहात।** ग्राम गौसपुर निवासी शकील अहमद कस्बे के मुख्य मार्ग पर दूध डेयरी चलाता है। बीती रात चोर डेयरी की पिछली दीवार में नकब लगाकर दुकान के अंदर घुस गए तथा दुकान में रखे लगभग आठ हजार रुपए चोरी कर लिए। आज सुबह जब शकील ने दुकान खोली, तो दुकान के गल्ले में रखे 10-10 रुपए के नोटो के लगभग आठ हजार गायब मिले। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसी कैमरा में कैद हो गई। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

### राज्य परिषद की लखनऊ में बैठक संपन्न



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ, राज्य परिषद की बैठक आज जय नारायण इंटर कॉलेज चारबाग, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक में 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त्स होने वाले शिक्षकों के देयको के भुगतान की स्थिति प्रत्येक जनपद के पदाधिकारी से ली गई। प्रत्येक जनपद के पदाधिकारी से यथाशीघ्र सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के भुगतान करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षक विधायक मान्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी नेता शिक्षक दल ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की धारा 18 तथा 21 को जोड़ने के लिए सभी शिक्षक साथियों से संघर्ष करने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघर्षों का ही परिणाम है कि विषय विशेषज्ञ पुरानी पेंशन पाने के हकदार हो गए हैं। संगठन के द्वारा वित्त विहीन विद्यालय में कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए उत्तर प्रदेश वित्तविहीन आयोग/बोर्ड बनाने की मांग सरकार से करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री विनोद कुमार ने मांग की कि शिक्षकों द्वारा वर्ष 1998 की हड़ताल अवधि का वेतन दिलाया जाए, वर्ष 2016 के उपरांत स्नातक वेतन क्रम में चयन वेतनमान प्राप्त करने वाले शिक्षकों की प्रवत वेतनमान में पदोन्नति होने पर उनको वित्तीय हस्तपुस्तिका के मूल नियम 22 बी अर्थात एक वेतन वृद्धि देकर प्रवक्ता वेतन क्रम में निर्धारण करने के लिए विभागीय आदेश निर्गत कराया जाए तथा वर्ष 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक एवं कर्मचारी को पुरानी पेंशन से आच्छादित कराया जाए। बैठक में सदस्य कार्यकारिणी उ. प्र. विनेश त्यागी, डा. सुनीत गिरि, पुष्पेश मिश्रा, राजीव पाठक, डा. जीपी सिंह, रविंद्र शर्मा मोहित सक्सेना, मनोज रस्तोगी आदि पदा. धिकारी ने बैठक में प्रति भाग किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। संचालन महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा किया गया।

### सरकारी जमीन बेचे जाने की चर्चा

**चांदपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में सरकारी जमीन का पहले अचानक गायब हो जाना फिर बिक जाना नगर में काफी चर्चा में है। चर्चा के अनुसार नगर के मौहल्ला मुफ्तीसराय (जवाईपुरा) में स्थित एक भूखंड जिसका खसरा नम्बर चार अंकों में है कि कुल भूमि 0.03160 होती है और जो कि मिनजुमला में तीन नम्बर है, में पहले नम्बर पर एक नाम जावेद (काल्पनिक नाम) जिसके हिस्से में 0.0500 जबकि दूसरे हिस्से में 27 नाम जो कि 0. 2530 हे. है और तीसरे नम्बर में 72 नाम है जिसका रकबा 0.0130 है, कुल आराजी 0.03160 हे. होती है में से कुछ सरकारी जमीन थी। जिसे नगर के ही एक बड़े घराने के कुछ लोगों द्वारा अपनी बताकर बेचे जाने की खासी चर्चा जोर पकड़ रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या भाजपा सरकार का दंम भरने वाले भाजपाई ऐसे भूखंडों का पता लगाने और इसकी जांच कराए जाने का कार्य करेंगे? यह देखने और इसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की जरूरत है।

# विद्यालय के पूर्व छात्र बने एसडीएम



विद्यालय में भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज धामपुर के पूर्व छात्र अभय प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश पीसीएस में प्रथम स्थान पाकर एसडीएम बन गए हैं।

अभय प्रताप सिंह आज अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने विद्यालय पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत हुआद्य नगीना चौराहा से उन्हें बैंड बाजे के साथ लाया गया। विद्यालय पहुंचने पर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया। उनके साथ उनके पिता संदेश कुमार (इंस्पेक्टर), माता अनुराधा (ग्राम प्रधान, मटोरा दर्गा), अभय के चाचा अवधेश कुमार (अध्यापक), चाची सलोनी आदि भी आए। अभय प्रताप ने अपनी सफलता के पीछे अपने माता-पिता, चाचा-चाची के अलावा गुरुजनों का भी सानिध्य बताया। अभय प्रताप ने विद्यालय में अध्ययन रत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता हेतु टिप्स दिए। विशेष रूप से समय पालन, माता पिता की आज्ञा पालन, लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण आदि पर बल दिया। अभय कक्षा छह से 12 तक इस विद्यालय में अध्ययनरत रहे। अभय हमेशा ही अपनी कक्षा में प्रथम आया करते थे। कक्षा 12 में अभय प्रथम स्थान पर रहे। अन्य गतिविधियों में भी वे सदा सक्रिय रहते थे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में वह अखिल भारतीय स्तर तक पहुंचे। अभय ने यह सफलता पाकर अपने परिवार का ही नहीं अपितु जनपद व मंडल का भी नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार उनकी सफलता से गदगद है। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने उनके परिश्रम की भूरी-भूरी प्रशंशा की। उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूर्व छात्र परिषद के प्रांतीय सह संयोजक अंकित राणा, शिशु शिक्षा के मंत्री नितीश शर्मा, विद्यालय के इकाई संयोजक प्रवीन कुमार के अतिरिक्त नगर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामजी पांडेय ने किया। वंदना विनय शर्मा ने करायी। विद्यालय के सभी आचार्य इस मौके पर उपस्थित रहे।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राणिमात्र के कल्याण एवं विश्व शांति की कामना

**हल्दौर।** मौहल्ला चमनवाला में गायत्री परिवार एवं शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं। श्रद्धालुओं ने गायत्री महायज्ञ, महामृत्युंजय मंत्र एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्राणिमात्र के कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। महायज्ञ के दूसरे दिन आज देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज से आए प्रो. डा. अशोक ने प्रवचन देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ को भगवान का अवतार माना गया है। यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया भी है, जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ मन और विचारों को भी पवित्र बनाती है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र वेदों का सार, गुरु मंत्र और महामंत्र है, जो मनुष्य को सद्बुद्धि प्रदान करता है और वर्तमान समय में सद्बुद्धि ही विश्व की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस मौके पर शांतिकुंज टोली के अंकित, अभिषेक एवं राजीव ने प्रेरणाप्रद संगीत प्रस्तुत करते हुए विधि-विधान से महायज्ञ का कर्मकांड सम्पन्न कराया। यज्ञ में कौशल चौहान, नीतू, अमित, शालू, अभिषेक, शिवानी, अनुज, जागृति, राजीव, दिनेश सैनी, अंकित शर्मा ने पूजन कर आहुतियां समर्पित कीं।

# ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कार्यक्रम

## टीबी, एचआईवी, संचारी रोगों तथा एचपीवी वैक्सीनेशन की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें टीबी, एचआईवी, संचारी रोगों तथा एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान क्षय रोग विशेषज्ञ विकास डाबर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर उनके क्षेत्र में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में संभावित टीबी रोगियों की सूची तैयार करें, ताकि उनकी समय पर एक्स-रे जांच कर उचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1000 की जनसंख्या पर कम से कम 30 संभावित रोगियों की जांच आवश्यक है। यह पहल 100 डेज कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अधिक से अधिक टीबी रोगियों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ना है, ताकि देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में उपस्थित डा. अनीता सिंह (यूपीएससी प्रभारी) ने एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं को यह वैक्सीन दी जाएगी, जिससे कैंसर जैसे गंभीर रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र की उन सभी बालि. काओं की लाइन लिस्टिंग तैयार करें, जिन्होंने 14 वर्ष पूर्ण कर 15वें वर्ष में प्रवेश कर लिया है, ताकि वैक्सीन उपलब्ध होने पर उन्हें समय पर टीकाकरण कराया जा सके। इसके अतिरिक्त विकास डाबर ने संचारी रोगों की रोकथाम पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू जैसे रोगों से बचाव के लिए क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखना, जलभराव न होने देना तथा मक्खी-मच्छरों के प्रसार को रोकना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, संचारी रोग नियंत्रण एवं 'दस्तक अभियान' के अंतर्गत सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के अंत में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अपने क्षेत्र में जन-जागरुकता बढ़ाते हुए स्वास्थ्य विभाग के अभियानों को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

### भारी भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाईवे बंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बारिश के कारण भूस्खलन और चटानों से पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर सोमवार तड़के यातायात रोक दिया गया। इससे सैकड़ों गाड़ियां फंस जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक अधिका. रियों के अनुसार आज सुबह करीब 3 बजे रामबन जिले में करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच सुरंगों में भूस्खलन और भारी पत्थर की घटना हुई, जिसकी वजह से हाईवे के दोनों तरफ का रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया। ट्रैफिक अधिकारियों ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर और श्रीनगर से जम्मू आने वाली सभी गाड़ियों को रास्ते में ही रोक दिया गया है और फिलहाल किसी भी तरह की आवाजाही की अनुमति नहीं थी।

सम्मन वास्ते करारबाद उमुर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान विशेष गैंगस्टर / ए0डी0जे0 कोर्ट नं0 5, मुजफ्फरनगर।**

जी0सी0 वाद सं0-62 सन् 2026

1. श्रीमति मोनिका पत्नि गौरव तेजयान आयु 32 वर्ष (सगी भाभी), 2. कमल कुमार पुत्र स्व0 चमन सिंह आयु 28 वर्ष (मंदबुद्धि) देवर, वली व संरक्षिका श्रीमति मोनिका पत्नि गौरव तेजयान निवासीगण 147/112, जानसठ रोड, भरतिया कालोनी, कम्बल वाला बाग, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण 6-ए, रामपुरम कालोनी, गली नं0 2, विकास भवन के सामने, मेरठ रोड, थाना खालापार, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। ...**पैटीशनर्स**

**बनाम**

1. गौरव तेजयान आयु 32 वर्ष (सगा भाई), 2. सौरभ आयु 29 वर्ष (सगा भाई) पुत्रगण स्व0 चमन सिंह निवासीगण 147/112, जानसठ रोड, भरतिया कालोनी, कम्बल वाला बाग, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासीगण 6-ए, रामपुरम कालोनी, गली नं0 2, विकास भवन के सामने, मेरठ रोड, थाना खालापार, तहसील व जिला मुजफ्फरनगर। 3. श्रीमति सीमा रानी पुत्री स्व0 चमन सिंह पत्नि तरूण कुमार आयु 34 वर्ष निवासी शाहमुजफ्फरपुर उर्फ चमडा वाला, नगीना, बिजनौर, तहसील व थाना नगीना, जिला बिजनौर उ0प्र0।

......**रैस्पॉन्डेन्टस**

दरगाह वादी ने वाद वास्ते अन्तर्गत धारा 14 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 (RPWD Act. 2016) न्यायालय में दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख के बवक्त 10:00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो गैंगस्टर दिनांक 13.05.2026 जो मुकदमे हालात से करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहमद मुतालका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर और जवाबदेही दावा करे। उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही का ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्बत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख जारी किया गया।


दिनांक- 1/04/26

**आज्ञा से**

**न्यायालय श्रीमान विशेष गैंगस्टर/ ए0डी0जे0 कोर्ट नं0 5, मुजफ्फरनगर।**

## कोविड जैसी अव्यवस्था अब एलपीजी संकट में भी है: राहुल

# श्रमिकों के लिए रसोई गैस हो गई पहुंच से बाहर



- रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हा जलाने के लिए पैसे नहीं
- कूटनीति की मेज पर हुई चूक को स्वीकार नहीं कर रही सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी।

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- मोदी जी ने कहा था - एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया। बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर। हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है। रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं। नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो। उन्होंने कहा कि जो मजदूर कपघ मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। विनिर्माण क्षेत्र दम तोड़ रहा है। गांधी ने इस संकट की वजह बताते हुए कहा और यह संकट आया कहां से। कूटनीति की मेज पर हुई उस चूक से जिसे सरकार आज तक स्वीकार नहीं करती। जब अहंकार नीति बन जाए तो अर्थव्यवस्था चरमराती है, मजदूर पलायन करते हैं, उद्योग बर्बाद होते हैं और देश दशकों पीछे धकेल दिया जाता है।

### पुड्डुचेरी का शासन स्थानीय लोग चलाएं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुड्डुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए जरूरी कदम उठाने का वादा करते हुए कहा है कि वहां जनहित का शासन होना जरूरी है और इसके लिए शासन स्थानीय जनता द्वारा ही चलाया जाना चाहिए। गांधी ने सोमवार को एक पोस्ट में कहा कि पुड्डुचेरी का शासन वहां की जनता द्वारा चलाया जाना चाहिए।

# मजदूर संगठन की मासिक बैठक



**हल्दौर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन की मासिक बैठक आज ब्लॉक परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक भीम सिंह ने की। जबकि संचालन राकेश चौधरी ने किया। बैठक में वक्ताओं ने निजी स्कूलों द्वारा किताबों व कोर्स के नाम पर अभिभावकों से की जा रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर मनमानी फीस वसूली से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिस पर प्रशासन को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही नगर के एक निजी विद्यालय द्वारा परिवहन शुल्क पूरे वर्ष का एकमुश्त वसूल किए जाने को भी अनुचित बताते हुए इस व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की गई। बैठक में क्षेत्र में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। किसानों ने कहा कि आवारा पशु फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए प्रशासन से उन्हें शीघ्र पकड़वा कर उचित व्यवस्था कराने की मांग की गई। इसके अलावा गन्ना किसानों का बकाया भुगतान ब्याज सहित जल्द दिलाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। बैठक में ठाकुर नरेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, नवीन त्यागी, वेदप्रकाश, राकेश कुमार, नवनीत सिंह, सुखबीर सिंह, राजेंद्र सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांसद रूचि वीरा ने उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे

## शादी समारोह के लिए गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में कराए जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब जनता को मिलना चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना के सांसद चंद्रशेखर की अध्यक्षता एवं सांसद बिजनौर चन्दन चौहान व सांसद मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र श्रीमती रुचि वीरा की सह अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक के दौरान सांसदों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पारदर्शिता, निष्ठा और निष्पक्ष रूप से आमजन को लाभ पहुंचाना है और किसी योजना में आ रही किसी दुश्वारी को सक्षम माध्यम से हल करना है, ताकि विकास की प्रगति प्रभावित न होने पाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजन, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए विशेष कैंपों का आयोजन करें। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करने के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिले में पूर्ण एवं अपूर्ण परियोजनाओं के कार्यों की विवरण सहित सूची उपलब्ध कराएं, ताकि उनकी बिंदुवार जांच कराई जा सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की बहुत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए की जो भी वाटर बॉडी ग्राम सभा को हस्तांतरित की जाए, उसमें अनिवार्य रूप से जनप्रतिनिधि की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में राइट ऑफ एजुकेशन योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ गरीब बच्चों को उसका लाभ पहुंचाया जाए तथा प्राइवेट स्कूलों में किसी भी अवस्था में चिन्हित बुक सेलर्स से किताबें तथा यूनीफार्म, जूते, मोजे आदि खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की मिड डे मील तैयार करने वाले रसोइयों का मानदेय बढ़ाने के लिए प्रस्ताव बनाएं और उनके माध्यम से शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

सांसद चंदन चौहान ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में निर्मित सड़कों की सूची उपलब्ध कराएं, जिसमें यह भी अंकित करें कि किस जन प्रतिनिधि निधि द्वारा उनका शिलान्यास अथवा लोकार्पण कराया गया है। सांसद रुचि वीरा द्वारा पूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि शादी के अवसर पर सिलेंडर्स कोटा निर्धारित करें और सुविधाजनक रूप से उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित करें, ताकि शादी जैसे अहम आयोजन के मौके पर आमजन को कोई असुविधा न हो। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्राइवेट नर्सिंग होम में आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों का शोषण न होने पाए उसके लिए विशेष रूप से चैकिंग अभियान चलाएं। प्राइवेट नर्सिंग होमों में जाने वाले आयुष्मान लाभार्थियों को केवल आवश्यकता के अनुसार ही टेस्ट एवं दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं और अनावश्यक रूप से किए जाने वाले अल्ट्रासाउंड आदि सहित लैब जांच व दवाईयों देकर उनका शोषण करने वाले नर्सिंग होम व प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करता सुनिश्चित करें।

सांसद श्रीमती रुचि वीरा ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोगों को गुलदार से सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों एवं गुलदार प्रभावित ग्रामों के प्रवेश मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था एवं पिंजरे सहित अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था उपलब्ध कराएं, जिससे आमजन के जानमाल की सुरक्षा की जा सके।

उन्होंने मनरेगा एवं ग्रामीण विकास की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण की प्रगति की भी जांच की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास की किश्तें समय पर जारी करने और आवास पूर्णता की स्थिति की जानकारी उपलब्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आयुष्मान भारत कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए। सांसद रूचि वीरा ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

सांसदों द्वारा बैठक के दौरान शासन द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं व कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ उनका लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक का संचालन जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी जयकरण यादव द्वारा किया गया। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सांसदों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तौगी, परियोजना निदेशक दिनकर भारती सहित अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

## गैंगस्टर एक्ट में शशांक गिरफ्तार

**बिजनौर।** फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान का अपहरण कर फिरौती वसूले जाने के मामले में पुलिस ने सरगना रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी सहित दस के विरूद्ध शहर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले में कस्सावान के अजीम अहमद, नई बस्ती के शिवा व लवी उर्फ शुशांत उर्फ हिमांशु ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। जबकि अर्जन कर्णवाल, शुभम, आकाश उर्फ गोला, शब्बीउद्दीन उर्फ सैबी, रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी, अंकित उर्फ पहाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अब थाना साहिबाबाद (गाजियाबाद) के मौहल्ला जनकपुरी निवासी शशांक पुत्र रूपेन्द्र उर्फ स्पेन्द्र को गिरफ्तार किया है।

## नाले की सफाई की मांग



**अफजलगढ़।** स्थानीय मौहल्ला गौहर अली खां निवासी शाहनवाज हसन पुत्र स्व. मतलूब हसन ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर नाले की सफाई करा कर पानी की निकासी की मांग की है। नाले में हर समय पानी भरा रहने के कारण पीड़ित को नुकसान उठाना पड़ता है। शाहनवाज हसन ने अधिशासी अधिकारी से इसकी सफाई कराने व जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने पीड़ित को शीघ्र नाला सफाई कराने का आश्वासन दिया है।

## बच्चों को दुनिया के साथ दीन की तालीम जरूर देनी चाहिए : मौलाना साहिल

### मौजूदा दौर में बच्चों पर नजर रखना बेहद जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मौलाना साहिल ने कहा कि आज के दौर में जितनी दुनिया की तालीम की जरूरत है, उससे कहीं ज्यादा दीन की तालीम की भी जरूरत है। उन्होंने कहा कि मां-बाप को चाहिए कि अपने बच्चों को अच्छा इंसान बनाते हुए उन्हें बेहतर अखलाक के साथ दूसरों से पेश आने के लिए कहें।

उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर दीन की निस्बत से अच्छा नहीं है। मोबाइल की वजह से तमाम बुराईयां सामने आ रही है। कम उम्र में ही बच्चे बिगड़ रहे है। न तो बच्चे अपने बड़ों की इज्जत कर रहे है और न ही बड़े अपने बच्चों को अच्छा इंसान बनाने के लिए उन पर नजर रख रहे है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में इतनी ज्यादा बुराईयां देखने व सुनने को मिल रही हैं कि उससे तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों पर बारीकी से नजर नहीं रखते है। वह अपने बच्चों को स्कूल भेज कर समझते हैं कि उनका फर्ज पूरा हो गया है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह उनकी बहुत बड़ी भूल है और इसकी वजह से बच्चे गलत रास्तों पर जा रहे है। बच्चे मोबाइल का गलत इस्तेमाल करते हैं। मोबाइल में तमाम गंदी वीडियो मौजूद है। जिसे देख कर बच्चे बिगड़ रहे है। बेटियां दीन से दूर हो रही हैं और आये दिन उनके बारे में खराब खबरें मिलती है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शादी करने की जिम्मेदारी मां-बाप की होती है। मां-बाप को चाहिए कि बालिग होते ही अपने बच्चों के लिए अच्छा रिश्ता तलाश कर उनका घर बसाए। इससे बच्चे गलत रास्ते पर नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि मोबाइल में दीन की तमाम खास जानकारियां मौजूद है। हम अपने मोबाइल का सही इस्तेमाल कर अपनी जिंदगी को खुशगवार भी बना सकते है। उन्होंने कहा कि आज के नौजवान नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। इससे कौम को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का नशा करना हराम है। जब कोई भी नशा कर लेता है, तो उसे हराम और हलाल में फर्क नजर नहीं आता है। उन्होंने कहा कि नशा करने की वजह से परिवार बर्बाद हो रहे हैं। जहां बेटियों के घरों से भागने की वजह से पूरे खानदान की बदनामी होती है, वहीं बेटों के नशा करने से पूरी नस्ल बर्बाद होती है। उन्होंने कहा कि यह सब बुराईयां दीन को न समझने और उस पर अमल न करने की वजह से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को नमाजी व कारोबारी बनाना चाहिए। जब हम खुद नमाज पढ़ेंगे और अपने बच्चों को नमाज पढ़ाएंगे, तो तमाम बुराईयां दूर हो जाएंगी और जिंदगी भी गुनाहों का जखीरा बनने से बच जाएगी। उन्होंने कहा कि तब्लीग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को जमात में भेजना चाहिए। इससे उन्हें दीन समझने में आसानी होगी।

# बिजनौर में कांग्रेसी हाउस अरेस्ट

## वरिष्ठ पार्टी नेताओं की पुलिस से तीखी बहस









**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** तालिब बंधुओं से जेल में मिलने जा रहे कांग्रेस के पदाधिकारियों व अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। वरिष्ठ पार्टी नेताओं की इसे लेकर पुलिस से तीखी बहस भी हुई।

गौरतलब है कि तालिब बंधु प्रकरण को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गंभीरता से लिया था। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा प्रताड़ित किए जा रहे तालिब बंधुओं से जेल में मिलने के वास्ते एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया था। जिसमें पूर्व मंत्री ओमवती, जिलाध्यक्ष हैनरीता सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, चितवन शर्मा व मुनीश त्यागी का नाम शामिल था। इस प्रतिनिधिमंडल को आज सुबह दस बजे तालिब बंधुओं से मिलने के लिए जिला कारागार जाना था। लेकिन इससे पहले ही जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग को तो हाउस अरेस्ट कर लिया गया। जबकि चितवन शर्मा, नीरज चौधरी, विक्रम सिंह, मुनीष त्यागी को कार्यालय पर ही नजरबंद कर लिया गया। पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती एवं जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह की पुलिस अधिकारियों से बहस भी हुई। उन्होंने कहा कि हम शांतिपूर्ण ढंग से तालिब बंधुओं से जेल में मिलने जा रहे है। उन्होंने कहा कि इससे किसी को क्या परेशानी है। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऊपर से आदेश नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बिगड़ने का भी हवाला दिया।

शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग व चितवन शर्मा ने कहा कि यह भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। यह सरकार नहीं चाहती कि कांग्रेस नेता किसी भी पीड़ित परिवार से मिले। जिस प्रकार तालिब बंधु प्रकरण में पूर्व सांसद भारतेंद्र अपने राजनीतिक फायदे और सत्ता में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए आपसी भाईचारे में दरार डालने का प्रयास कर रहे है, वह उचित नहीं है। बिजनौर महात्मा विदुर की धरती है। महात्मा विदुर सदा ही शांति के समर्थक रहे थे। उनकी कुटिया में स्वयं भगवान श्री कृष्ण भी आकर रुके थे। भगवान श्री कृष्ण स्वयं शांति प्रस्ताव लेकर हस्तिनापुर के लिए आए थे। उन महात्मा विदुर की धरती बिजनौर के भाईचारे में दरार डालने का प्रयास करना स्वयं में निंदनीय है। यदि तालिब बंधु कोई गलत या गैरकानूनी कार्य कर भी रहे थे, तो उस पर कार्यवाही करना प्रशासन का कार्य था, न कि भारतेंद्र का कार्य है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि पूर्व सांसद किस पद या किस अधिकार से घटनास्थल पर गए थे। पूर्व सांसद का यह कहना कि स्वयं एडीएम ने उन्हें वहां बुलाया था, यह गलत है। यदि यह सत्य है, तो एक गंभीर और जांच का विषय है। क्योंकि पूर्व सांसद ऐसे किसी भी पद पर नहीं हैं कि स्वयं एडीएम उन्हें घटना स्थल पर बुलाएं। दरअसल बीते वर्षों में यह देखने को मिला है कि भाजपा में एक प्रतिस्पर्धा हो गई है, जो जितना सांप्रदायिक बयान देगा या जितना सांप्रदायिक होगा, उसकी उतनी ही पदोन्नति होगी और यह प्रकरण उसी का परिणाम है। परंतु सत्य यही है कि अत्याचार और अहंकार ज्यादा समय नहीं चलता। जिस प्रकार 2024 लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा को नकारा है। उससे इतना तो समझ जाना चाहिए कि सांप्रदायिक राजनीति की समय सीमा ज्यादा नहीं होती और यह हर बार काम भी नहीं करती। क्योंकि देश का हर वर्ग हर व्यक्ति देश में एकता, प्यार, अमन, शांति, खुशहाली और युवाओं के लिए एक बेहतर भविष्य चाहता है। परंतु भाजपा जनता को मुद्दों से भटकाने के लिए धर्म का सहारा लेकर एक माहौल बनाने का प्रयास करती है। सच्चाई यह है कि आज देश का युवा बेरोजगार है। जनता मंहगाई से परेशान है। किसान की आमदनी इतनी नहीं है कि वह अपने परिवार का पालन पोषण ठीक प्रकार से कर सके। प्राइवेट स्कूल व कॉलेज संचालक मनमानी फीस ले रहे हैं। दवाइयां इतनी महंगी हो गई कि गरीब व मध्यमवर्ग इलाज कराने में असमर्थ है। असमानता लगातार बढ़ती जा रही है। आज हर वर्ग निराश और परेशान है। भाजपा जानती है यदि इन मुद्दों पर चुनाव हुआ, तो उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए समय-समय पर भाजपा इस प्रकार के प्रयोग करती रहती है। लेकिन वह भूल जाती है कि यह बुद्ध और महात्मा गांधी का देश है। अनेकता में एकता और समानता का देश है। वरिष्ठ नेता नीरज चौधरी ने कहा कि तालिब बंधुओं का पूर्ण रूप से उत्पीड़न किया जा रहा है। भारतेंद्र सत्ता का लाभ उठाकर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। उन्हें लगता है कि बिजनौर में अराजगता फैला कर विधानसभा चुनाव में लाभ उठाएंगे, लेकिन अब जनता समझ चुकी है कि सांप्रदायिक राजनीति ज्यादा समय नहीं चलती।

## एक नजर

### निष्ठा ने बनाया नेशनल रिकार्ड



**बिजनौर।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि तीरंदाज निष्ठा गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीरंदा. जी में नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। निष्ठा ने अंडर-15 बालिका वर्ग में खेलते हुए 720 में से 712 अंक अर्जित किए, जो अंडर-15 का नेशनल रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री निष्ठा गुप्ता ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित अंडर 15 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में कंपाउंड वर्ग में खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया। निष्ठा गुप्ता ने स्कोरिंग राउंड में 720 में से 712 अंक अंकित किए और पहला स्थान प्राप्त करते करते हुए प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। निष्ठा का पूर्व में भारतीय तीरंदाजी जूनियर टीम के कैंप के लिए चयन हो चुका है।

### महिला से अश्लील बातें



**बिजनौर।** निजामपुरा गंज की दिव्यांग महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग उसे लगातार फोन कर अश्लील बातें और वीडियो दिखा कर मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। महिला ने कई मोबाइल नंबरों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि इन नंबरों से उसे बार-बार कॉल कर परेशान किया जा रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसने पुलिस चौकी गंज, सीओ, एसपी और डीएम तक शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोध में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने विकास भवन में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कल्लन व जोगेन्द्र को अगर गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो भूख हड़ताल व आत्मदाह किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार चौहान, कल्लू सिंह, दिपेन्द्र, अब्दुल मजिद, नजराना आदि मौजूद थी।

### मुजफ्फरनगर का सुनील अरेस्ट

**बिजनौर।** नूरपुर थाने में 25 दिसम्बर को कुलदीप पुत्र घासीराम निवासी ग्राम नंगली जाजू ने तहरीर दी थी कि किसी ने उसके घर से जेवरात चोरी कर लिए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। 25 दिसम्बर को ही ग्राम के निवासी विजय सिंह पुत्र नन्हे ने थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि उसकी पुत्री का मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में भी रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवेचना के दौरान कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अभियुक्त सुनील पुत्र रामलाल निवासी मौहल्ला पंचमुखी, थाना कोतवाली शहर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से जेवरात एवं मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

## स्वार्थों की लड़ाई की वजह से बलि का बकरा बन रहे तालिब बंधु

### अपनी राजनीति पटरी पर लाने के लिए हथकंडा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्वार्थों की लड़ाई की वजह से तालिब बंधु बलि का बकरा बन रहे है। जनपद की जनता भी अवसरवादियों को पहचान रही है। लेकिन वह मौजूदा व्यवस्था की वजह से सिर्फ मजबूर है।

गौरतलब है कि तालिब बंधुओं के प्रकरण में जिस तरह की राजनीति की जा रही है, उससे समाज व भाईचारे का नुकसान हो रहा है। इस लड़ाई को हवा देने वालों का व्यक्तिगत स्वार्थ पूरा होगा या नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन इतना साफ है कि फिलहाल समाज का नुकसान हो रहा है। आम आदमी इस पूरे प्रकरण से दुखी नजर आ रहा है। आये दिन छोटे-मोटे झगड़े समाज के लोगों में होते रहते है। लेकिन झगड़े बड़े उस समय बन जाते है, जब उन पर राजनीतिक रोटियां सेंकने की शुरूआत हो जाती है। तालिब बंधु प्रकरण में समाजसेवियों व अमन-पसंद प्रमुख हस्तियों ने जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका नहीं निभाई है। अगर वह जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका खुद आगे बढ़ कर निभाते, तो यह मामला काफी पहले ठण्डा हो गया होता। तालिब बंधुओं का इतिहास साम्प्रदायिक नहीं रहा है। वह कारोबारी लोग है। जितने संबंध उनके मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों से रहे हैं, उससे कहीं ज्यादा अच्छे संबंध उनके हिन्दू समाज के प्रमुख लोगों से भी हैं। तालिब बंधुओं से संबंध रखने वाले जानते हैं कि वह किस सोच के हैं। लेकिन इस संपूर्ण प्रकरण में वह भी पूरी ईमानदारी के साथ न तो सच्चाई सामने ला रहे है और न ही मामले को ठण्डा करने के लिए जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस प्रकरण में कई लोगों का स्वार्थ छिपा हुआ है। किसी को पटरी से उतर चुकी अपनी सियासी गाड़ी को एक बार फिर दौड़ाने के लिए टिकट की जरूरत है। वहीं कुछ ऐसे भी लोग है, जिन्हें अपना टिकट खतरे में दिखाई दे रहा है। आम जनता देख और समझ रही है कि कौन क्या कर रहा है। आम जनता दुखी है। उसके दुख को समझने वाला कोई नहीं है। समाज के जिम्मेदार लोग भी इस प्रकरण से दुखी है, लेकिन वह अपने आप को लाचार और मजबूर समझ रहे है। तालिब बंधुओं का इस सम्पूर्ण प्रकरण की वजह से कितना नुकसान हुआ, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन समाज का जो नुकसान हो रहा है, वह साफ-साफ दिखाई दे रहा है। नाजायज को जायज ठहराने के लिए झूठें तर्क दिए जा रहे हैं। इस सम्पूर्ण प्रकरण में हर किसी का अपना स्वार्थ है। इन स्वार्थों की पूर्ति के लिए ही तालिब बंधुओं को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। लेकिन प्रकृति की भी अपनी पावर होती है। सब कुछ हमेशा एक जैसा नहीं रहता है। सत्य व अहिंसा का मार्ग हमेशा से सम्मान योग्य रहा है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**स्योहारा।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के ध्वज एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण, राष्ट्रवाद की भावना और सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। भाजपा मंडल मंत्री एवं ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज संगठन के जिला अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का अभियान है। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक मनुज वर्मा, कपिल वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कनिष्क वर्मा, आदित्य कुमार, अंश वर्मा, मोहित वर्मा, शोभित वर्मा, रोहित वर्मा, सोनू वर्मा, संदीप वर्मा, रवि वर्मा, अक्षत वर्मा, अक्षय वर्मा, गौरव यादव चिंटू वर्मा, डा. दिनेश चौहान, वीरेंद्र सिंह, दीपांशु चौहान, मनोज भटनागर, नीरज राणा, मनोज कुमार, आशु प्रजापति, शेखर वर्मा, संजीव वर्मा, संजीव गर्ग सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाकियू लोकशक्ति की मासिक पंचायत



**नजीबाबाद।** किसानों की प्रमुख मांगों और समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर भाकियू लोकशक्ति की मासिक पंचायत आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में पंचायत में पहुंचे पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा और उनके समाधान के लिए एक बड़े आंदोलन के लिए विचार-विमर्श किया गया । जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने बताया कि जनपद में बड़ी फैक्ट्रियों से निकलने वाले दूषित जल और धुएं से जन जीवन को संकट में डाला जा रहा है। इनकी वजह से मानव जीवन को कैंसर जैसी अनेकों जानलेवा बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले कारकों के विरुद्ध एक अभियान चलाया जाएगा। किसानों के बीच पहुंचे तहसीलदार को किसानों की प्रमुख समस्याओं और मांगों से अवगत कराया गया। तहसीलदार ने स्थानीय स्तर की सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान और शासन स्तर की मांगों से शासन को शीघ्र अवगत कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि सभी शुगर मिलों से किसानों के गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर कराया जाए। किसानों ने सहक. ारी समितियों में ब्याज दर सात प्रतिशत जमा की थी। जिसकी सब्सिडी वापस नहीं आई है। जिससे किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के हित में ब्याज दर को पुन: तीन प्रतिशत किया जाए। किसानों की जमीनों पर बनी अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाए। आदमखोर गुलदारों के आतंक से मुक्ति दिलायी जाए। गंगा कटान को रोकने के लिए वालावाली से रावली तक स्थायी तटबंध बनाया जाए। ज्ञापन में कई अन्य मांगें शामिल थी। नांगल सोती क्षेत्र में जनसेवा हेतु एक आधार कार्ड बनाने व सही करने का सेंटर खुलवाने की मांग भी की गई। पंचायत में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौतम शर्मा, अजयपाल सिंह, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, सरदार गुरपेज सिंह, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, मास्टर मुनेंद्र सिंह, नीटू राणा, मूला सिंह, जय सिंह, दयाराम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, प्रीतम सिंह, टीकम सिंह, मुब्बशीर बेग, अकरम अली, शहजाद अली, डॉ. अरूण कुमार, खुर्शीद अहमद, शौकत अली, राजीव शर्मा आदि मौजूद थे।

### विधायक रामअवतार का स्वागत



**नूरपुर।** ग्राम महमूदाबाद कीकर खजूरी में सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी ने फीता काट कर नवनिर्मित तीन सौ मीटर सड़क का उद्घाटन किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन कर अधिकारियों को फोन कर उनका तुरंत हल कराया। सपा विधायक लगातार क्षेत्र में रहकर ग्रामीणों की समस्यायों का समाधान करा रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा के चुनाव के बाद प्रदेश में सपा की सरकार बनने जा रही है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार में परेशान है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया, ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी मकसूद ठेकेदार, सपा नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, गंगाराम सैनी, पूर्व ग्राम प्रधान नासिर अहमद, दिलशाद अंसारी, देवेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी पुष्पांजलि



**नगीना।** पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की एक स्वतंत्र दल के रूप में स्थापना हुई थी। तब से लेकर आज तक पार्टी ने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है।

# वेल्डिंग की चिंगारी से लगी आग

## दमकल विभाग की तत्परता से टला बड़ा हादसा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** किसान के घेर में वेल्डिंग कार्य के दौरान निकली चिंगारी से पुराल में आग लग गई। गनीमत रही कि दमकल विभाग की गाड़ी समय पर पहुंच गई। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

मौहल्ला काजी सराय निवासी किसान मौहम्मद शाहरुख का एक घेर है, जिसका उपयोग वह पशुपालन और निजी गैरेज के रूप में करते हैं। रविवार दोपहर करीब दो बजे घेर में टीन शेड डालने के लिए वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान वेल्डिंग से निकली चिंगारी पास ही रखी पुराल (पराली) के ढेर पर जा गिरी। सूखी पुराल होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की लपटें उठती देख वेल्डिंग कर रहे कारीगरों, गैरेज मालिक शाहरुख, उनके भाइयों और आस-पड़ोस के लोगों ने आनन-फानन में पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। घेर में ट्रैक्टर-ट्रॉली, खाद के कट्टे और चार पहिया वाहन खड़े होने के कारण मोहल्ले में हड़कंप मच गया। पशुओं (भैंस, बकरी आदि) को भी आनन-फानन में सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश की गई। जब आग काबू से बाहर होने लगी, तो तत्काल दमकल विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी और स्थानीय सिविल पुलिस चंद मिनटों में ही मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया और उसे गैरेज में खड़ी गाड़ियों व अन्य कृषि उपकरणों तक फैलने से रोक लिया। सौभाग्य से रेलवे फाटक खुला था, जिसके कारण हम बिना देरी किए समय पर घटनास्थल पहुंच सके और आग को फैलने से रोक लिया।

आग बुझने के बाद गैरेज मालिक मौहम्मद शाहरुख ने दमकल कर्मियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और उनकी कार्यकुशलता की सराहना की। स्थानीय निवासियों ने भी दमकल विभाग और पुलिस की तत्परता की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि यदि दमकल की गाड़ी समय पर न पहुंचती, तो लाखों का नुकसान हो सकता था।

# भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

## पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बिजनौर।** भाजपाईयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा के जिला कार्यालय पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी ने की। संचालन जिला महामंत्री दिनेश सैनी ने किया। मुख्य रूप से पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया मौजूद रहे। कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया गया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने पार्टी की स्थापना से लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में उनके योगदान को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताया। पूर्व मंत्री महावीर सिंह ने पार्टी के संघर्षपूर्ण इतिहास और अंत्योदय के संकल्प पर प्रकाश डाला।

पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसौदिया और क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि व हरजिंदर कौर ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा सिंह और नरेश भाटी ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

इस अवसर पर जिला महामंत्री बलराज त्यागी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, जिला सह मीडिया प्रभारी पं. गोपाल धीमान, जिला उपाध्यक्ष रजनी कालरा, तपराज सिंह, आकांक्षा चौहान, मण्डल अध्यक्ष मनोज अहलावत, अंकुर गौतम, पुष्पराज कमल, दीपक, राजीव राजपूत, वेदप्रकाश विश्वकर्मा, विकास अग्रवाल, पुष्पेन्द्र शेखावत, जोगेन्द्र वालिया, संजू प्रधान, मंजू चौधरी आदि उपस्थित रहीं।

## जिकरुर्रहमान अंसारी को दी विदाई



**नगीना।** शिक्षा के क्षेत्र में लंबी और निष्ठावान सेवा देने के बाद सविलियन विद्यालय जगन्नाथपुर के सहायक अध्यापक मौहम्मद जिकरुर्रहमान अंसारी के सेवानिवृत्त होने पर ग्राम करौंदा पच्दू स्थित मदरसा मिफ्ताहुल उलूम और जूनियर हाई स्कूल में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगीना विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने जिकरूर्रहमान अंसारी को फूल-माला पहनाकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। विधायक ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, वह जीवनभर समाज का मार्गदर्शन करता रहता है। उन्होंने श्री अंसारी के शेष जीवन के सुखी, निरोग और स्वस्थ रहने की कामना करते हुए उनसे अपील की कि वे आगे भी समाज को अपनी सेवाओं से लाभान्वित करते रहें। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाध्यापक (कालाखेड़ी प्रथम) मौहम्मद अय्यूब ने भी अपने विचार साझा किए। समारोह के दौरान वक्ताओं ने जिकरुर्रहमान अंसारी के सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा की जमकर प्रशंसा की। विदाई समारोह में मुख्य रूप से अकील मंसूरी व रईसुद्दीन अंसारी (पूर्व ग्राम प्रधान, करौंदा चौधर), मौहम्मद मुशर्रफ (ग्राम प्रधान, मंगेलपुरा), ग्राम प्रधान, करौंदा चौधर, अकील अंसारी, सरफराज अंसारी, शमीम अहमद, तस्लीम अहमद, सिराजुद्दीन अंसारी, वसीम अहमद, नईम अंसारी, इमरान अंसारी आदि मौजूद रहे। समारोह के अंत में जिकरुर्रहमान अंसारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। पूरे गांव में उनके सम्मान को लेकर उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीणों ने नम आंखों से अपने प्रिय शिक्षक को विदाई दी।

## राशन डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड नहटौर के ग्राम मेहरपुर (पंचायत फरीदाबाद) में एक सरकारी राशन की दुकान पर आपूर्ति विभाग की छापेमारी में भारी अनियमितताएं पाई गई हैं। जांच के दौरान दुकान से भारी मात्रा में गेहूं, चावल और चीनी गायब मिले। जिसके बाद राशन विक्रेता सागर सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार 30 मार्च 2026 को पूर्ति निरीक्षक स्योहारा जितेंद्र कुमार और पूर्ति निरीक्षक अल्हैपुर अंकित कुमार ने संयुक्त रूप से किया था। निरीक्षण के समय विक्रेता सागर सिंह दुकान पर मौजूद नहीं थे। उनकी पत्नी और पुत्र ने दुकान खोली, तो अधिकारी यह देखकर दंग रह गए कि दुकान के अंदर चीनी, गेहूं या चावल का एक दाना भी मौजूद नहीं था।

ई-पॉस मशीन और स्टॉक रजिस्टर की जांच में सामने आया कि दुकान में भारी स्टॉक शेष होना चाहिए था, लेकिन मौके पर कुछ भी नहीं मिला। रिकॉर्ड के अनुसार, 29.65 क्विंटल चावल, 43.72 क्विंटल गेहूं और 3 किलो चीनी गायब पाई गई। जिससे कुल लगभग 73.37 क्विंटल खाद्यान्न का गबन सामने आया है।

इसके अतिरिक्त, दुकान पर सूचना पट, स्टॉक बोर्ड, हेल्पलाइन नंबर और सतर्कता समिति के सदस्यों के नाम जैसी अनिवार्य जानकारियां भी प्रदर्शित नहीं थीं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर अंगूठा लगवा लेता है लेकिन राशन नहीं देता, कई महीनों से राशन का वितरण ही नहीं किया गया और निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता है। ग्रामीण मजबूर होकर दूसरे गांवों के डीलरों से राशन लेने को विवश हैं। जांच अधिकारियों ने विक्रेता सागर सिंह द्वारा सरकारी राशन की कालाबाजारी और अवैध मुनाफाखोरी की पुष्टि की है। इसे उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु विनियम आदेश 2016 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए विक्रेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की संस्तुति की गई है। दुकान की ई-पॉस मशीन और अन्य उपकरण पास के दूसरे विक्रेता की सुपुर्दगी में दे दिए गए हैं। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# इकबाल मैमोरियल जू. हाईस्कूल का परीक्षाफल

## मायशा इरफान ने 91.3 प्रतिशत अंकों के साथ किया स्कूल टॉप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मौहल्ला अकाबरान स्थित इकबाल मैमोरियल जूनियर हाई स्कूल का शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षाफल धूमधाम से घोषित किया गया। इस मौके पर आयोजित भव्य समारोह में जहां मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं नगर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

वार्षिक समारोह की अध्यक्षता जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद उवैस अकरम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ हाफिज मौहम्मद अकदस की तिलावते कलाम-ए-पाक से हुआ। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिस देश का युवा शिक्षित होगा, वहीं राष्ट्र उन्नति के शिखर पर पहुंचेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन सैय्यद जुबैर अहमद जैदी द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक हसन जावेद ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की। कक्षा सात की छात्रा मायशा इरफान ने 91.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे स्कूल को टॉप कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। परवेज आदिल माही ने स्कूल टॉपर मायशा को एक हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। विभिन्न कक्षाओं के टॉपरों की सूची में कक्षा आठा की अलशिफा प्रथम, अलसबा द्वितीय, जोया तृतीय रहीं। कक्षा सात की मायशा प्रथम व स्कूल टॉपर, अदनान द्वितीय, शनाया तृतीय रहे। कक्षा छह के शीजा प्रथम, सिया द्वितीय, आमिर तृतीय रहे। कक्षा पांच के आफिया सलमानी प्रथम, आयत द्वितीय, इकरा परवीन तृतीय रहे। कक्षा चार की फारिया परवीन प्रथम, आलम द्वितीय, सदफ परवीन तृतीय रहीं। कक्षा तीन की शाहीन प्रथम, फरहत द्वितीय, अरमिष तृतीय रहीं। कक्षा दो के फरहीन प्रथम, समीर द्वितीय, माहिरा तृतीय रहे। कक्षा एक के जिकरा शम्सी प्रथम, इनायत परवीन द्वितीय, जैनुल आबिद अली तृतीय रहे। एलकेजी/नर्सरी के बरीरा और अनाबिया ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त कक्षा आठ के छात्र सुबहान को सोशल वर्क व सांस्कृतिक गतिविधियों और अध्यापिका इकरा को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर शाइनिंग क्लब के खिलाड़ियों ने क्लब के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल को पालि. का नगीना का नामित सभासद बनाए जाने पर फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से मुफ्ती नबील अहमद, मुफ्ती मौहम्मद शाहिद, नामित सभासद लाला विनोद कुमार, सैय्यद मुनीर अहमद जैदी, तनवीर अख्तर, तुफैल अहमद एड., तबस्सुम अतीक, पूर्व सभासद मुअज्जम हुसैन रियाजी, यासीन सोनी, अफसार सिद्दीकी, परवेज आदिल माही, जलील अहमद, मुफ्ती अब्दुल बाकी और सभासद उस्मान जैदी सहित समस्त स्कूल स्टाफ और अभिभावक मौजूद रहे। अंत में स्कूल प्रबंधक हसन जावेद ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### हिंदू राष्ट्र सेना की बैठक



**कोतवाली देहात।** कस्बे में आयोजित हिंदू राष्ट्र सेना की बैठक में पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साथ हुई घटना की निंदा की गई। हिंदू राष्ट्र सेना की टीम ने प्रशासन से मांग की कि इस घटना की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी ऋषि त्यागी, जिलाध्यक्ष कौशिक त्यागी, ब्लॉक मंत्री कोतवाली आशीष कुमार, बंटी सैनी, मोहित कुमार, राहुल वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर



**स्योहारा।** नगर स्थित मोनाशी फिजियोथेरेपी सेंटर पर नि:शुल्क फिजियोथेरेपी एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी डा. मनोज वर्मा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम स्वास्थ्य सेवा है और जरुरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। शिविर में सेंटर के संचालक डा. सौरभ कुमार वर्मा के निर्देशन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। बाहर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आधुनिक मशीनों के माध्यम से मरीजों की जांच कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में लगभग 100 मरीजों ने नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर एवं जरुरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया। शिविर के दौरान घुटनों का दर्द कमर दर्द सर्वाइकल स्पॉडिलाइटिस तथा अन्य शारीरिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों की विशेष रूप से जांच कर फिजियोथेरेपी संबंधी उपचार एवं आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सकों एवं आयोजकों ने बताया कि आगे भी जनसेवा के उद्देश्य से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि क्षेत्रीय लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सके।

### दस्तक अभियान का प्रशिक्षण



**स्योहारा।** सीएचसी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण अध्यक्षता करते हुए डा. बीके स्नेही ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए 12 विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री माइक्रो प्लान के अनुसार घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता मच्छरों से बचाव मच्छरदानी के प्रयोग दिमागी बुखार टीबी मलेरिया एवं फाइलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम के अंत में संचारी रोगों से बचाव हेतु जन जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस दौरान आईओ वीर सिंह ने अवरोधित परिवारों की सूची तैयार कर उन्हें टीकाकरण के प्रति जागरूक करने की जानकारी दी। इस मौके पर सीडीपीओ हेमलता सैनी, मुख्य सेविका शैल कुमारी, कविता शर्मा, एआरओ आलोक कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीओ राशि सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सहभागिता की।

### नूरपुर में अंकित गिरफ्तार

**बिजनौर।** थाना शिवाला कलां अंतर्गत ग्राम लोदीपुर मिलक निवासी गोपाल सिंह पुत्र रामकुंवर ने दो अप्रैल को थाना नूरपुर में तहरीर दी थी कि उसकी बाइक को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की बरामदगी के लिए टीम का गठन किया था। पुलिस ने अभियुक्त अंकित पुत्र राजाराम निवासी अदलपुर समधू, थाना नौगांवा सादात को गिरफ्तार कर बाइक के पुर्जे बरामद कर लिए है। अभियुक्त ने बताया कि मेले से बाइक चोरी करने के बाद उसने इसके पुर्जे कर दिए थे। ताकि उन्हें आसानी से बेच सके।

### ताजपुर में हुस्न जहां लापता



**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला नई बस्ती निवासी अब्दुल मजीद की पत्नी हुस्न जहां (55 वर्ष) बीते चार दिनों से लापता है। हुस्न जहां दिमाग से कमजोर है। वह अक्सर बगैर बताए घर से चली जाती है। उसके अचानक लापता होने से परिवार के लोग परेशान हैं। उन्होंने थाने पहुंच कर गुमशुदगी की तहरीर देकर तलाश करने की गुहार लगाई है।


### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा पुत्र शिवम कुमार विगत कई वर्षों से हरिद्वार में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। उसने अपनी मर्जी से परिवार के विरूद्ध जाकर हिमाशु पुत्री सुरेन्द्र सिंह निवासी दहलावाला, पोस्ट अफजलगढ़, थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर से शादी कर ली है। शादी के कुछ दिन बाद से ही शिवम व हिमाशु में आपस में झगड़ा होता रहता है। दोनों एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करते है। छोटी-छोटी बातों पर लड़ते रहते है। समझाने पर गाली-गलौच व अमादा फौजदारी होते है। शिवम की हरकतों से तंग व परेशान होकर मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। शिवम कुमार व उसकी पत्नी से मेरा, मेरे शेष परिवार व रिश्तेदारों का आज के बाद अच्छे बुरे कृत्यों से कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। अपने कृत्यों के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। **संजय पुत्र स्व. ध्यान सिंह निवासी ग्राम लोदीपुर मिलक, तहसील चांदपुर, थाना शिवाला कलां, जिला बिजनौर**

## एक नजर

### विद्यार्थियों का तिलक लगा कर स्वागत



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी आए हुए विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अंजलि राज, स्वाति कस्यप, अंशिता रानी, शिवानी, बालेश कुमार आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### आसपा सांसद का स्वागत



**नांगल सोती।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद आज प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीमसेन हल्दिया के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बाद सांसद चंद्रशेखर आजाद ने आगामी विधानसभा चुनाव और पंचायत चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा चुनाव में सफलता के लिए हमें अपनी बूथ कमेटी, सेक्टर कमेटी को मजबूत करना होगा और घर -घर जाकर पार्टी का प्रचार प्रसार करना होगा।

### पेराई सत्र आठ अप्रैल को समाप्त

**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गन्ने की खुली खरीद करके गन्ना क्रय केंद्र सफलतापूर्वक बंद कर दिए गए है, किसानों का बेसिक कोटा की निर्गत पर्चियां भी जारी हो चुकी है। मिल गेट पर भी गन्ने की खुली खरीद की जा रही है। मिल अधिकारियों द्वारा गन्ना क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। भ्रमण के दौरान पता चला है कि मिल के गन्ना क्षेत्र में नाममात्र का गन्ना खड़ा है। किसानों से अपील है कि जिन किसानों के खेतों में गन्ना खड़ा है वे किसान आठ अप्रैल तक अपना समस्त गन्ना मिल गेट पर क्रय कर दे। जिसके बाद मिल पेराई सत्र 2025-26 की समाप्ति की घोषणा कर चेन बंद कर दी जाएगी।

### समता दिवस के रूप में मनाई जयंती




**स्योहारा।** भारत रत्न बाबू जगजीवन राम की जयंती नगर में समता दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस नगर अध्यक्ष अहसन जमील के नेतृत्व में किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं एवं नगर के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत नगर अध्यक्ष अहसन जमील द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर की गई। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए सामाजिक समता समान अधिकार एवं न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। नगर अध्यक्ष अहसन जमील ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ों एवं वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। उन्होंने समाज में समान अवसर और सम्मान की भावना को मजबूत करने का काम किया। जिसके कारण वे आज भी सामाजिक समता और न्याय के प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम भाईचारा और समानता ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर बुढ़नपुर ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर ने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक न्याय और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंच. ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नौ को आ रहे मुख्यमंत्री योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नौ अप्रैल को वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसके लिए अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज सुबह विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि वर्धमान डिग्री कॉलेज के मैदान में आम जनसभा का आयोजन किया जाएगा।



## अधिकारियों ने शुरू की तैयारियां

मुख्यमंत्री द्वारा जिले में पांच करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण तथा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है, उनकी पूरी जानकारी की जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को आज शाम तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में शासकीय योजनाओं के अंतर्गत जो भी उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, उसकी सूचना भी जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने नगर पालिका बिजनौर एवं आसपास की नगर पालिकाओं व नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल सहित पूरे शहर में सफाई व्यवस्था करना सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल टॉयलेट तथा समुचित मात्रा में पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि, बाल एवं महिला विकास, एनआरएलएम, उद्योग, कार्यक्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभागों के उत्पादों, जानकारियों एवं उपलब्धियों से संबंधित स्टाल लगाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के संभावित निरीक्षण के दृष्टिगत राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल एवं अस्पताल प्रांगण स्थित स्वास्थ्य इकाइयों को अपेक्षित सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

## नजीबाबाद में इरफान उर्फ सोनू बिहारी व नाजिम उर्फ भोला अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना नजीबाबाद में समीपुर निवासी मौहम्मद हाशिम पुत्र अब्दुल गफूर ने दो अप्रैल को तहरीर दी थी कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मंडी के पास से उसकी ई-रिक्शा को चोरी कर लिया गया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में नई बस्ती, गढ़मलपुर निवासी इरफान उर्फ सोनू बिहारी पुत्र गुलाम रसूल एवं जलालाबाद की हरिजन बस्ती निवासी नाजिम उर्फ भोला पुत्र जहीर अहमद को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की गई ई-रिक्शा, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है।

# सब्सिडी जारी, लेकिन नहीं मिला गैस कनैक्शन

## उज्ज्वला योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह

**डा. मुसिफुल हक**

**मंडावली।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसका उद्देश्य गरीब महिलाओं को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है, अब सवालों के घेरे में आती नजर आ रही है। मंडावली क्षेत्र में सामने आए एक मामले ने योजना के जमीनी क्रियान्वयन पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक महिला के खाते में 03 मई 2024 से लगातार गैस सब्सिडी आ रही है, लेकिन उसे आज तक गैस सिलेंडर, चूल्हा, रेगुलेटर और पाइप उपलब्ध नहीं कराया गया।




बताया गया है कि महिला द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत आवेदन किया गया था। जब वह गैस कनेक्शन की जानकारी लेने एजेंसी पहुंची तो 05 फरवरी 2026 को उसका आधार सत्यापन (केवाईसी) भी कर लिया गया, लेकिन इसके बावजूद उसे कोई सामग्री नहीं दी गई। गैस एजेंसी संचालक का कहना है कि महिला उनसे मिलने नहीं आई या उसकी जानकारी पूर्ण नहीं थी, जिसके कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। लेकिन पीड़िता का कहना इससे बिल्कुल उलट है। महिला के अनुसार, वह कई बार एजेंसी के चक्कर काट चुकी है। हर बार उसे आश्वासन देकर टाल दिया गया। लगातार अनदेखी से परेशान होकर महिला ने अंततः जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और मीडिया के सामने आकर आपबीती सुनाई।

जब खाते में सब्सिडी जा रही है, तो क्या कनेक्शन रिकॉर्ड में चालू दिखाया गया है? अगर हां, तो लाभार्थी को सामग्री क्यों नहीं मिली? क्या यह सिर्फ एक मामला है या और भी लाभार्थी इसी तरह प्रभावित हैं? यह मामला केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि योजना के क्रियान्वयन और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़ा करता है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो ऐसे मामलों से सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर असर पड़ सकता है। मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो। संबंधित एजेंसी की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए। पीड़ित महिला को तत्काल योजना का लाभ दिलाया जाए।

# सराय गांव का मुख्य मार्ग बदहाल

## शासन-प्रशासन की अनदेखी से नारकीय जीवन जीने को मजबूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पंचायत सराय के मुख्य मार्ग की बदहाली ने सरकार के विकास के दावों की हवा निकाल दी है।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत आने वाला यह रास्ता वर्तमान में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। गांव के बीच से गुजरने वाले इस मुख्य मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिनमें जलभराव होने के कारण यह रास्ता किसी तालाब जैसा नजर आने लगा है। हालात इतने खराब है कि पैदल राहगीरों का निकलना भी दूभर हो गया है और आए दिन बाइक सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीण विजयपाल, अजयपाल और पोखर सिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वे इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के चक्कर लगा चुके हैं। लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरा आश्वासन ही मिला। देशराज और गौतम सिंह का कहना है कि सड़क पर भरे गंदे पानी के कारण न केवल आवागमन बाधित है। बल्कि अब गांव में बीमारियां फैलने का डर भी सताने लगा है। नरोत्तम सिंह और कावेंद्र सिंह ने आक्रोश जताते हुए बताया कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बारिश के दिनों में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। जब कीचड़ और मलबे के कारण स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो वे विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।



## एक नजर

### पंचायत घर में किसानों की बैठक



**नजीबाबाद।** ब्लॉक के ग्राम मिर्जापुर सैद उर्फ भुड्डी में किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री और खसरा-खतौनी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडावली पंचायत घर पर हुई, जिसमें तहसील के राजस्व अधिकारी और लेखपाल उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य उन किसानों की समस्याओं का निवारण करना था, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनी है या जिनके खसरा-खतौनी में संशोधन, अंश गलत होने जैसी भू-राजस्व संबंधी अन्य समस्याएं हैं। ग्रामीणों ने इस बैठक में बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। इस बैठक में लेखपाल विजय चौधरी, ग्राम प्रधान पति शहाबुद्दीन ठेकेदार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मास्टर फरीद अहमद, पंचायत सहायक फरहीन, कृषि विभाग से महेंद्र सिंह, यामीन ठेकेदार, उस्मान, फरमान, अनस और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### अलवर वाले बाबा का भंडारा



**नजीबाबाद।** अलवर वाले बाबा का 14वां विशाल भंडारा आयोजित किया गया। यह आयोजन कोटद्वार रोड स्थित एक बैंक्ट हॉल में हुआ। सकल गद्दियों के स्वामी श्रीश्री 1008 श्री राम गोपाल और गद्दी नशीन महाराज श्रीश्री 1008 श्री हर प्रसाद शर्मा अलवर वाले बाबा के नजीबाबाद आगमन पर यह भंडारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े छह बजे श्री सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके बाद, सुबह 11 बजे अलवर वाले बाबा ने हवन यज्ञ में आहुति देकर हवन कार्य संपन्न कराया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर, अलवर वाले बाबा ने उपस्थित भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और धर्म लाभ उठाया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में अशोक राजपूत, रमन अग्रवाल, कमल सेठी, सत्य गर्ग, शुभम कौशिक, सुनील सैनी, नमन गोयल, सुमन कौशिक, नकुल अग्रवाल, सुरेश, अरविंद प्रधान, दिनेश मित्तल, सत्य प्रकाश, विकास, हिमांशु त्यागी और यादव सहित कई अन्य लोगों ने सहयोग किया।

### अफजलगढ़ में चैकिंग अभियान




**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए सघन चैकिंग अभियान बीती देर शाम विवेकानंद पुलिस चौकी पर तैनात उप निरीक्षक राजीव कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। उनकी टीम में मुख्य आरक्षी विजय सिंह, आरक्षी राजीव कुमार और आरक्षी कमल कुमार शामिल रहे। अभियान नेशनल हाईवे 734 पर जिकरीवाला ढलान पर चलाया गया। उप निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि रविवार शाम सात वाहनों का चालान किया गया, जबकि शाम को 13 वाहनों पर कार्रवाई हुई थी। अधिकतर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने सहित अन्य यातायात नियमों का पालन करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह राठी ने इस संबंध में कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**धामपुर।** बीएस क्रिकेट क्लब धामपुर द्वारा आयोजित सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा ने किया। केएम इंटर कॉलेज खेल मैदान पर टूर्नामेंट के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में पहाड़ी दरवाजा क्लब और धामपुर फ्लेम क्लब आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए पहाड़ी दरवाजा क्लब ने आठ ओवर में 96 रन बनाए। टीम की ओर से अमान ने 50 रन और मोहसिन ने 18 रन बनाए, जबकि अन्य बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। जवाब में धामपुर फ्लेम क्लब ने लक्ष्य को सात ओवर 2 गेंद में हासिल कर लिया। राघव ने 16 गेंदों में 40 रन, देव ने 19 रन और साहिब ने 20 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इस मैच में अम्पायर की भूमिका आमिर अंसारी एड. एवं शादाब ने निभाई। दूसरे मैच का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी ने किया। यह मुकाबला स्माइल क्रिकेट क्लब धामपुर और पैजनिया क्लब के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्माइल क्रिकेट क्लब ने आठ ओवर में 144 रन बनाए। टीम के कप्तान इस्माइल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन की पारी खेली। जिसमें 13 छक्के और 3 चौके शामिल रहे। शबलू ने 23 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैजनिया क्लब 120 रन ही बना सकी और 23 रन से मैच हार गई। पैजनिया की ओर से सलमान ने 31 रन बनाए। इस मैच में अम्पायर आमिर अंसारी एड. एवं मौहम्मद तालिब अंसारी रहे। टूर्नामेंट के आयोजन में आमिर अंसारी एड., सलीम उर्फ पप्पू, रितेश जुनेजा, योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया एवं मौहम्मद शान का विशेष सहयोग रहा। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और आगामी मैचों के प्रति लोगों में उत्सुकता बनी हुई है।

# दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के प्रथम दिन का शुभारंभ सीडीओ रणविजय सिंह, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, कॉलेज के संस्थापकराजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, सांइस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डा. विवेक वर्मा ने फीता काटकर किया।

इस दौरान चेयरमैन मनोज कुमार ने युवाओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं की प्रतिभा और दक्षता का आंकलन ऐसे ही शारीरिक खेलों द्वारा ही किया जाता है। प्रत्येक युवा के अंदर खेल का जज्बा होता है जिससे वे दिन रात मेहनत कर देश के लिए प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले, 1600 मीटर रिले, कबड्डी, खो-खो और गोलाफेंक प्रमुख रहे। खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ में प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। वहीं लंबी कूद में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।






प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं में दौड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 100 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार, (बी. एएलएलबी) ने प्रथम स्थान, मौहम्मद फैज (बी.फॉर्मा) ने द्वितीय स्थान एवं मौहम्मद अदीब (बी.फार्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ (महिला वर्ग) में आरजू (बीसीए) ने प्रथम स्थान, खुशी चिकारा (बीएससी) ने द्वितीय स्थान एवं अनुष्का (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में (पुरुष वर्ग) में आशीष कुमार (बी. एएलएलबी) ने प्रथम, रवीश अहमद (बीएएलएलबी) ने द्वितीय तथा मौहम्मद अदीब (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं महिला वर्ग में कसक (बीबीए) ने प्रथम स्थान व आरजू (बीसीए) ने द्वितीय तथा खुशी त्यागी (बी.फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1500 मीटर में (पुरुष वर्ग) में केतन कुमार (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने प्रथम स्थान व द्वितीय मुज्जमिल (बीएससी ऑनर्स) ने तथा आकाशा पाल (बीसीए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में जतीन (बी.फॉर्मा) ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान मौहम्मद अदीब (बी.फॉर्मा) ने तथा देवांष (बी. फॉर्मा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान विशाखा (एलएलबी) ने व द्वितीय स्थान चारू सिंह (बीएससी नर्सिंग) ने तथा सुहानी (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 28-26 के अंतर से हराया। खो-खो (महिला वर्ग) के फाइनल में कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की टीम ने कृष्णा फॉर्मेसी कॉलेज की टीम को 08-06 के अंतर से हराया। 400 मीटर रिले (पुरुष वर्ग) के फाइनल में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ प्रथम व कृष्णा फॉर्मसी कॉलेज ने द्वितीय व कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड आईटी ने प्रथम व कृष्णा इंस्टीट्यूट ने द्वितीय व फॉर्मेसी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक (पुरुष वर्ग) के फाइनल में विशाल (बीएएलएलबी) ने प्रथम, अंश चौधारी (बी.फॉर्मा) ने द्वितीय तथा अब्दुल अहद (बीएससी नर्सिंग) ने तृतीय व महिला वर्ग में रिंकी (बीएससी कम्प्यूटर साइंस) व आरजू (बीसीए) ने द्वितीय तथा एकता (एलएलबी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह व अरमान मलिक, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार, विचित्र मलिक, डा. पायल राठी, कृष्ण कुमार व समस्त शिक्षकों व कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नवीं वाहिनी पीएसी में सिपाही ने फांसी लगा कर दी जान, पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र कांठ रोड स्थित 9वीं वाहिनी पीएसी परिसर में उस समय सनसनी फैल गई, जब आईटीआई आरटीसी में तैनात एक आरक्षी ने अपने आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और मौके पर अधिकारियों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान विकास गौतम पुत्र रामप्रसाद के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मेरठ जिले के किठौर थाना क्षेत्र के गांव भटीपुरा के निवासी थे। वर्तमान में वह मुरादाबाद की 9वीं वाहिनी पीएसी में आईटीआई आरटीसी में आरक्षी के पद पर तैनात थे।बताया जा रहा है कि विकास गौतम पीएसी परिसर में बने सरकारी आवास में रहते थे। सोमवार की सुबह उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर सहकर्मियों को शक हुआ, जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देख सभी स्तब्ध रह गए, जहां आरक्षी का शव फंदे से लटका मिला।घटना की सूचना तत्काल पुलिस और उच्च अधिकारियों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचना दी, सूचना मिलते ही भाई आकाश सहित अन्य परिजन भी मुरादाबाद पहुँच गए। परिवार में इस घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है।हालांकि आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक के मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।






# कांठ रोड हरथला में युवक के साथ जमकर मारपीट

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कांठ रोड स्थित हरथला इलाके में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में पीड़ित युवक की मां ने मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित अनमोल पुत्र सोमपाल सिंह, निवासी राजनगर मऊ, को 2 अप्रैल की रात करीब 10 बजे किसी युवक का फोन आया था। फोन पर बुलाए जाने के बाद अनमोल कार लेकर हरथला सब्जी मंडी पहुंचा, जहां पहले से मौजूद कुछ युवकों ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों और अन्य हथियारों से जमकर मारपीट की। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल अनमोल किसी तरह घर पहुंचा। परिजनों के अनुसार उसके सिर में गहरा घाव था और शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था। हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।पीड़ित की मां मनीषा ने सिविल लाइंस थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि अनमोल को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। साथ ही उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### टिमिट मे स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन



TMU
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC



**मुरादाबाद।** टिमिट मे स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट के अधिकारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान जीवनशैली में बढ़ते तनाव के प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें तनाव प्रबंधन के प्रभावी एवं व्यावहारिक उपायों से परिचित कराना था, जिससे वे अपने व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक जीवन में संतुलन स्थापित कर सकें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एन.के. सिंह, प्राचार्य, टीएमएमआरसी ने अपने गहन अनुभव एवं विशेषज्ञता के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव के कारणों, उसके दुष्प्रभावों तथा उससे निपटने के वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ध्यान (मेडिटेशन), सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन तथा संतुलित जीवनशैली को अपनाने पर विशेष बल दिया। उल्लेखनीय है कि यह कार्यशाला टिमिट की एनएसएस टीम के साथ मिलकर आयोजित की गई, जिसके कारण विद्यार्थियों में सामाजिक सहभागिता एवं उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहन मिला और उन्होंने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ सहभागिता की तथा इसे अपने जीवन के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। अंत में, टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने उद्बोधन में इस प्रकार की कार्यशालाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि उनके समग्र व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

### भाजपा का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया



**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला एवं महानगर के तत्वाधान में संयुक्त रूप से पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला व महानगर के सभी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से बुद्धि विहार स्थित कार्यालय के मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया।भाजपा स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि भाजपा हमारे महापुरुषों के त्याग और तपस्या की बदौलत और कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की बदौलत आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा लोकसभा चुनाव, विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव, स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव में लगातार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रही है।एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को प्राथमिकता देते हुए देश भर में काम कर रहा है। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि भाजपा की स्थापना साल 1980 में तत्कालीन भारतीय जनसंघ के नेताओं द्वारा की गई थी।

### बाह्य परीक्षक नियुक्ति में भेदभाव के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** सोमवार को संघटक राजकीय महाविद्यालय हसनपुर जिला अमरोहा, मीरापुर बांगड़ जिला बिजनौर व ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद का शिक्षक प्रतिनिधि मंडल डॉ रोविन राठी, डॉ विक्की सिंह, डॉ मनोज कुमार तथा डॉ0 डी0के0 अग्निहोत्री के नेतृत्व मे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कुलसचिव डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी से मिलकर प्रायोगात्मक परीक्षा समीति द्वारा वर्ष 2025-26 सेमेस्टर परीक्षा में विभिन्न महाविद्यालय में लगाये जा रहे बाह्य परीक्षक में भेदभाव के विरोध में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों के आव्हान पर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलसचिव डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वाले शिक्षकों में डॉ रोविन राठी, डॉ विक्की सिंह, डॉ नरेंद्र सिंह, डॉ डी0के0 अग्निहोत्री, डॉ मनोज, डॉ अनिल, डॉ गिरेन्द्र, डॉ पल्लवी, डॉ परमजीत कौर, डॉ ओ पी सिंह, डॉ जितेंद्र, डॉ अजीत, डॉ सचिन, डॉ रोविना, डॉ पंकज कुमारी आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# कटघर थाना पुलिस ने चोरी की बाइक सहित शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना कटघर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार रेलवे ट्रैक के पास डबल फाटक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थाना कटघर में दर्ज मुकदमे के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक सुनील राठी ने अपनी टीम के साथ आरोपी नदीम उर्फ डॉक्टर पुत्र महबूब अली निवासी जयन्तीपुर, थाना मझौला को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपी के कब्जे से चोरी की एक काली रंग की पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद हुई।पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपी ने वाहन चोरी की बात स्वीकार की है। बताया गया है कि आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में चोरी व अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। उसके आपराधिक इतिहास में थाना गलशहीद, कटघर, कोतवाली और मझौला समेत अन्य क्षेत्रों में दर्ज कई मामले शामिल हैं।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सुनील राठी के साथ उपनिरीक्षक अमर मलिक, कांस्टेबल राधारमन और कांस्टेबल उत्तम बालियान शामिल रहे। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।



# महानगर में निकाली गई यीशु मसीह पुनरुत्थान यात्रा, शहर में गूंजे प्रभु यीशु के गीत

**मुरादाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिटी क्लर्जी फेलोशिप के तत्वावधान में ईस्टर मंडे के अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की खुशी में भव्य जुलूस महानगर में पारंपरिक रूप से निकाला गया। इस दौरान ईसाई समाज के लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर उत्साह और श्रद्धा का परिचय दिया।जुलूस का शुभारंभ शहर के पारकर इंटर कॉलेज ग्राउंड से हुआ, जो ताड़ीखाना चौराहा, टाउन हॉल चौराहा, कोतवाली रोड, गंज गुरहट्टी चौराहा, जेल रोड, जैन मंदिर चौराहा, सिविल लाइन, अंबेडकर पार्क और पीली कोठी चौराहा से होता हुआ मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज ग्राउंड पर जाकर समाप्त हुआ।इस अवसर पर शहर के सभी प्रमुख चर्चों द्वारा आकर्षक और मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनमें प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। जुलूस के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए प्रभु यीशु के संद. ेशों का प्रचार-प्रसार करते नजर आए। वातावरण भक्तिमय गीतों और प्रार्थनाओं से गूंज उठा।सिटी क्लर्जी फेलोशिप के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में चर्च पादरियों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन भी मुस्तैद रहा।अंत में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मैदान में प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जहां समाज की सुख-शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का समापन शांति और सौहार्द के संदेश के साथ किया गया।




## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय ज्वालापुरी वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत सराय ज्वालापुरी, वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, 15वाँ वित्त आयोग, मनरेगा, अन्य शासकीय मदों से निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की, निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपुर्ति/पूर्ण कार्य करने हेतु मोहर बंद निविदायें/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं पूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत सचिवालय में रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि प्रकाशन की तिथि से 7 दिन बाद अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2 बजे खोली जायेंगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति/पूर्णकार्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्य-स्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति /पूर्ण कार्य का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता का जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. की दरों की गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति/पूर्ण कार्य ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किये जाने अनिवार्य है। सामग्री/कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिती में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेट | प्रति बैग | - |
| 2 | बालू रेत/लोकल रेत | प्रति घन मी. | |
| 3 | बजरफुट बालू रेत | प्रति घन मी. | |
| 4 | 20 एम.एम. वजरी | प्रति घन मी. | |
| 5 | 40 एम.एम. ब्रिक ब्लास्ट | प्रति घन मी. | |
| 6 | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150 एम | प्रति हजार | |
| 7 | ईंट वालदार एम-275 | प्रति हजार | |
| 8 | सी. सी. इंटरलॉकिंग टाइल्स 80 mm सफेद रंगीन/आर सीसी रोड | प्रति नग | |
| 9 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 10 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मी. | |
| 11 | सरिया/डोर माईल्स | प्रति कुन्तल | |
| 12 | लोहे का जाल पाईप | प्रति कुन्तल | |
| 13 | मिट्टी दूरी सहित/काटेज मिट्टी | प्रति घन मी. | |
| 14 | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टेम्बर/प्लाई | प्रति घन मी. | |
| 15 | बाल पेंटिंग, डेम प्रूफ बेदर मैक्ल प्रूफ पेन्ट | प्रति वर्ग मी. | |
| 16 | दीवार पुट्टी/समोशन दो कोट | प्रति वर्ग मी. | |
| 17 | सोलर लाईट/नया/मरम्मत उपकरण | प्रति नग | |
| 18 | सैनेट्री सामग्री वाटर सप्लाई सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | लोहे का फेन्सिंग तार | प्रति कि.ग्रा. | |
| 20 | आयरन एंगिल, टीनशैड | प्रति कि.ग्रा. | |
| 21 | भवन निर्माण/मरम्मत कार्य | घन मी./वर्ग मी. | |
| 22 | सीमेंट आइटम/सी. सी. ब्रेच/लकड़ी की बेंच/लोहे की बेच। | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन/कुडा गाडी/सफाई किट ठेली/प्लास्टिक बैग आदि। | प्रति नग | |
| 24 | कीट नाशक/बिल्डिंग पाउडर/हाइपोक्लोराइड। | प्रति घन मी. | |
| 25 | फर्नीचर स्कूल बेच कम्पलीट/लैब सामग्री/लाइब्रेरी सामग्री | प्रति नग | |
| 26 | फर्नीचर कारखाना वाराणसी | प्रति नग | |
| 27 | हैण्डपम्प रिबोर/नया/मरम्मत उपकरण/प्लम्विंग | प्रति नग/फिट | |
| 28 | समरसेविल पम्प नया/ मरम्मत उपकरण | प्रति नग/फिट | |
| 29 | आर.सी.सी पिलर हयूम पाईप | नग/बैग | |
| 30 | PVC पाइप PVC आइटम मोल्डिंग पैनल आदि। | प्रति मी./प्रति नग | |
| 31 | स्टील गाटर हिस्पेंसर/आर.ओ. शुद्ध पानी हेतु/वाटर कुलर | प्रति नग | |
| 32 | गौ आश्रय स्थल संबंधित सामग्री। | प्रति नग | |
| 33 | M.R.P. सम्बंधित सामग्री- | प्रति नग | |
| 34 | ओपनिंग जिम खेल मैदान/उपकरण | प्रति नग | |
| 35 | खडंजा आरसीसी सीसी रोड सीसी इंटरलॉकिंग रोड निर्माण | प्रति वर्ग मी. | |
| 36 | नाली/नाला निर्माण ( यूटाईप क्रम नाली व एल टाईप नाली | प्रति वर्ग मी. | |
| 37 | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/सोलर आइटम, न्यू/मरम्पत | प्रति मी./प्रति नग | |
| 38 | विभिन्न प्रजातियों के छायादार/शोभाकर टिम्बर पौधे। | प्रति नग | |

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सराय ज्वालापुरी**
**वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत सराय ज्वालापुरी**
**वि.ख. बनियाखेड़ा, सम्भल।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुढ़फतेहगढ़ वि.ख. बनियाखेड़ा, जिला-सम्भल

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना

कार्यक्रम में मौजूद टीम प्रभारी उप निरीक्षक छाया बालियान के नेतृत्व में महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिनका समय-समय पर उपयोग कर वे अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112 तथा अन्य संबंधित नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इन सेवाओं का उपयोग किस प्रकार किया जाए, यह भी समझाया गया। उप निरीक्षक छाया बालियान ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में घबराने के बजाय इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न योजनाओं व सुरक्षा सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस पहल को महिलाओं ने सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे उन्हें जागरूक होने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने में मदद मिलेगी।

## चन्दौसी पालिका में नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निकायों में नामित सदस्यों को सोमवार को पालिका के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी एवं पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, नगराध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल एवं पालिका का सभासदगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित नामित सदस्यों संजय बंसल, रिंकू दिवाकर, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति, बाबूलाल सेन को एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि नवनिर्वाचित नामित सदस्य मिलजुलकर पालिका के विकास कार्यों में गति प्रदान करेंगे। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि नवनिर्वाचित नामित सदस्यों से आशा है कि वह नगर के विकास हेतु अपने अपने अमूल्यवान सुझाव देकर चंदौसी नगर को चांदसी नगरी बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में सभासदगणों में तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव शर्मा, अमित दिवाकर, अमन कोरी, दयाराम कनौजिया, रियाज अहमद, निशांत शर्मा, किशन प्रजापति, विनोद कुमार बिन्नी, सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता, देवेंद्र मोनू, आदि पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## भाजपा के स्थापना दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम संपन्न

**ठाकुरद्वारा।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को ठाकुरद्वारा नगर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह, जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, धर्मेंद्र सिंह, पंकज पाल सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।



## भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी का भव्य स्वागत

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री मान्य ओमपाल सिंह सैनी का उनके प्रतिष्ठान पर पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता गौरव वर्मा एडवोकेट ने पत्ता डालकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने नवनियुक्त जिला महामंत्री को शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। गौरव वर्मा एडवोकेट ने कहा कि ओमपाल सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। उनके अनुभव और समर्पण से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और जनहित की योजनाओं को गति मिलेगी। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## बलात्कार पीड़िता का आरोपः पुलिस से मिलीभगत, जांच बदलने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने कहा है कि 25 अगस्त 2026 को गांव के ही जीशान पुत्र मुकीम उर्फ मुनीम शाह ने उसके साथ बलात्कार किया, लेकिन थाना पुलिस ने तत्कालीन कोतवाल की मिलीभगत से उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और आरोपियों के दबदबे के चलते पीड़िता और उसका परिवार गांव छोड़कर बिजनौर जिले में छिपकर रह रहा है। पीड़िता के अनुसार, बाद में कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज तो हुआ, लेकिन ठाकुरद्वारा पुलिस से न्याय की उम्मीद नहीं है। इसलिए उन्होंने जांच किसी दूसरे थाने को ट्रांसफर करने की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि 2 मार्च 2025 को शरीफनगर पेट्रोल पंप के सामने उसके देवर और जेठ पर जानलेवा हमला हुआ। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें पीटा, लूटा और मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। मौके पर मामले के विवेचक दरोगा मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मुख्य आरोपी को छोड़ दिया। पीड़िता के देवर की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही उनका मेडिकल कराया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि थाना पुलिस आरोपियों से पूरी तरह मिलीभगत कर रही है। पीड़िता का कहना है कि उसके बयान दर्ज हो चुके हैं, लेकिन आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। उसने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर जांच ट्रांसफर करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## महानगर में रेल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन, काली पट्टी बांध जताया रोष

**मुरादाबाद।** उत्तरीय रेल मजदूर यूनियन के आह्वान पर रेल कर्मचारियों ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन 6 से 10 अप्रैल तक मनाए जा रहे रोष सप्ताह के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं।प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार और भारतीय रेल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए पुरानी पेंशन योजना (व्प्ै) को पुनः लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही महंगाई भत्ता (क।) जारी करने, लंबे समय से खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने, कार्य परिस्थितियों में सुधार और कर्मचारियों के हितों से जुड़े कुल 12 सूत्रीय मांगपत्र को भी प्रमुखता से रखा गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी शामिल हुए, जिन्होंने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखी।



प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की गई और एकजुटता का संदेश दिया गया। यूनियन नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए जारी रहेगा।

## खेत में खाद डालने को लेकर विवाद, 7 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लौंगी कला में खेत में खाद डालने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी दौरान गांव के जाहिद पुत्र अमीरबख्श, काशिम, नाजिम, आजम, आलम, सराबुल पुत्रगण जाहिद तथा आसिफ पुत्र यूसुफ मौके पर पहुंच गए और खाद डालने से मना करते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर अ पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मिशन शक्ति के तहत मेगा इवेंट आयोजित

**चन्दौसी।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई, सम्भल में एक भव्य मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत को आकर्षक बनाया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने, उनकी समस्याओं का समाधान करने और उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से जनपद स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े मुद्दों जैसे लिंगानुपात, बाल विवाह, शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनों: घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, दहेज निषेध अधिनियम 1961 एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 की जानकारी भी साझा की। साथ ही आपातकालीन सेवा 112 और एंबुलेंस सेवा 108 के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। अंत में समाज एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं प्रतिभागी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा धन्यवाद किया गया।

## घर में घुसकर मारपीट, कई परिजनों को पीटाय पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ठाकुरद्वारा। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम में घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र ब्रह्मपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी करता है और उसका भाई सुरेश कुमार भी बाहर काम करता है। 5 अप्रैल 2026 को दोनों अपने घर आए हुए थे। उसी दिन सुबह करीब 7 बजे गांव के ही राजपाल पुत्र इंदर सिंह, अंकित पुत्र राजपाल सिंह, उमेश पुत्र राजपाल सिंह, पप्पू पुत्र सोमपाल और सोमपाल पुत्र इंदर सिंह लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए सुरेंद्र सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसके पिता ब्रह्मपाल सिंह, भाई सुरेश कुमार और माता फूल कुमारी बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। परिवार के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिन्हें आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांचों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 52वां सैफी डे दुआ के साथ मनाया

**कुन्दरकी।** सोमवार को 52 वां सैफी डे गैर सियासी तंजीम सैफी सोयायटी कुन्दरकी के तत्वावधान में नगर में यामीन सैफी के आवास ने पर मनाया गया। 52 वें सैफी डे के मौके पर गैर सियासी तंजीम सैफी सोसायटी कुन्दरकी ने समाज के बुजुर्गो जो दुनिया से रुखसत हो चुके हैं उनके लिए कौम की सलामती और देश की उन्नति तरक्की के लिए दुआ कराई । बाद दुआ के सैफी डे की मुबारकबाद एक दूसरे को दी गई।

सैफी सोसायटी के अध्यक्ष एमव केव भारती सैफी ने कहा कि छह अप्रैल सन् 1975 को अमरोहा जनपद में हजारों सैफी समाज के लोगों के महासम्मेलन में ही सैफी सरनेम का मुरादाबाद शहर के मौलाना अकरम नईमी की सरपरस्ती में नामकरण किया गया था। सैफी सोयायटी के संरक्षक बाबू ठेकेदार ने कहा कि सैफी का मतलब तलवार बनाने वाला होता है.सैफी समाज के लोग मेहनतकश होते हैं. जो सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने में अपना योगदान देते हैं, किन्तु सरकारो की ओर से इस समाज की बुनियादी समस्याओं पर आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस सैफीष डे के मौके मौके पर सैफी समाज के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और देश में अमन शान्ति की दुआ की गई। इस मौके पर हाजी बाबू ठेकेदार सैफी, एम.के.भारती सैफी, यामीन सैफी, अरहान सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

## जीरो प्वाइंट पर बाइक-टिर्री की टक्कर में पांच लोग घायल, बड़ा हादसा टला

**कुंदरकी।** मुरादाबाद अलीगढ़ मार्ग स्थित बिलारी रास्ते के निकट जीरो प्वाइंट पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में पति-पत्नी समेत पांच लोग घायल हो गए। बाइक और मिनी ऑटो (टिर्री) की आमने-सामने की टक्कर से मौके पर अफरा तफरी मच गयी। जानकारी के मुताबिक इस्लामनगर जनपद के गांव धीमरपुरा निवासी मदन सिंह अपनी पत्नी चिंकी और भाई मोहन के साथ मोटरसाइकिल से मुरादाबाद जा रहे थे। जैसे ही वे जीरो प्वाइंट के पास पहुंचे, सामने से आ रही मिनी ऑटो से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मिनी ऑटो में बैठे दो अन्य लोग भी चोटिल हो गए।

घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया।

## फर्जी पत्रकार बन ब्लैकमेल करने का आरोप, ग्रामीण ने सीएम से लगाई गुहार

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि वह व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताकर झूठी और मनगढ़ंत वीडियो बनाता है, लोगों को ब्लैकमेल करता है और रकम वसूलता है। शिकायतकर्ता शाहरूख के अनुसार, आरोपी पिछले काफी समय से इसी धंधे में लिप्त है। गत वर्ष उसने और उसके साथियों ने थाना ठाकुरद्वारा में तैनात एक दरोगा की वाहन चेकिंग के दौरान वीडियो बनाकर उसमें कट-छट कर दरोगा को ब्लैकमेल किया था। आरोप है कि यह व्यक्ति और उसका परिवार बेहद ही हेकड़ और बदमाश किस्म का है। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने उसे और उसके परिवार को खुलेआम धमकी दी कि तेरे दादा को गला घोंटकर मार दूंगा और एक खबर लगाकर तुझे जेल में ठूंस दूंगा। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस व्यक्ति की गतिविधियों की जांच कराई जाए और उसके झूठे पत्रकारीय दावों के साथ-साथ उसकी डिग्रियों की भी जांच हो। साथ ही, ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाया जाए जो पत्रकारिता की आड़ में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

### बिलारी समाचार

## अंबेडकर जयंती पर छजलैट में अभिनय चौधरी कराएंगे समरसता रैली का आयोजन



**कांठ( शाह टाइम्स )** 14 अप्रैल को डॉक्टर अंबेडकर जयंती के अवसर पर लोक दल के नेता अभिनव चौधरी समरसता रैली का आयोजन करेंगे उक्त जानकारी उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान दी उन्होंने बताया कि अंबेडकर जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों की सहभागिता रहेगी और समरसता रैली का आयोजन करके वह लोगों को एकता का संदेश भी देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम प्रदीप फार्म हाउस में 11:00 बजे शुरू होगा जिसमें लोक दल के मंत्री अनिल कुमार मुख्य अतिथि के तौर पर जनता के सामने अपनी बात रखेंगे। मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समरसता रैली का हिस्सा बनेंगे जिसमें रागनी गायक हरेंद्र नागर और नरदेव बेनीवाल लोगों को भारतीय संगीत से भी रूबरू कराएंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर बड़ी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया है।

## भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की प्रमुख तीन मांगों को लेकर दिया डीएम को ज्ञापन, कहा मांगे ना मानी तो देंगे धरना



**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय किसान यूनियन टिकैट के नेता डॉक्टर नो सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को जिला अधिकारी मुरादाबाद से मुलाकात की और तीन बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा उन्होंने कहा कि किसानों के पास रिजेक्ट गन्ना नहीं है इसलिए केवल सामान्य एवं अगैती प्रजाति के गन्ने का ही सर्वे कराया जाए, किसान क्रेडिट कार्ड पर 5 साल तक केवल 4% ब्याज जमा कर कार्ड का नवीनीकरण कर दिया जाए और जिले भर में घूम रहे नरभक्षी तेंदुओं से लोगों को निजात दिलाई जाए। बताया कि तेंदूए आए दिन किसानों पर हमला कर रहे हैं और किसानो की जान को खतरा हमेशा बना रहता है। वार्ता के दौरान बताया गया की 100 तेंदुए और 30 शावक जिले में चिन्हित हो चुके हैं लेकिन किसान यूनियन ने कहा कि इन मांगों को यदि 10 अप्रैल तक नहीं माना गया तो भारतीय किसान यूनियन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।

ज्ञापन पर नागेंद्र सिंह सुरेश मुखिया टेकपाल सिंह लाल बहादुर वीर सिंह नितिन शेरावत नरेश प्रधान आदि ने हस्ताक्षर किए।

## डीजे की तेज आवाज पर लगाम लगाने की मांग, व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन



**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि चन्दौसी एक धार्मिक नगरी है, जहां समय-समय पर जुलूस एवं शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जिनमें डीजे का अत्यधिक प्रयोग हो रहा है। व्यापार मंडल ने कहा कि शादी समारोहों में भी बैंड-बाजे के स्थान पर डीजे का चलन बढ़ गया है। डीजे संचालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के चलते तेज बेस और अत्यधिक ध्वनि का प्रयोग किया जाता है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बाजारों में तेज आवाज के कारण दुकानों में रखा सामान गिर जाता है, वहीं बुजुर्गों एवं हृदय रोगियों के लिए यह गंभीर समस्या बन रही है। व्यापार मंडल ने मांग की कि डीजे संचालकों को बुलाकर सख्त हिदायत दी जाए तथा जुलूस या शोभायात्रा की अनुमति से पूर्व उनसे शपथ पत्र लिया जाए, जिससे नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने पर आर्थिक दंड लगाने की भी मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, जिला संगठन मंत्री उमेश. चंद्र वार्ष्णेय, शाह आलम मंसूरी, सुशील अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल, विपुल महाजन सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## चन्दौसी पुलिस ने पांच वर्षीय बालक को परिजनों से मिलाया

**चन्दौसी।** सोमवार को लगभग 05 वर्ष का एक बालक चन्दौसी कोतवाली पहुंचाया गया, जिसे नगर निवासी कुछ व्यक्तियों द्वारा पुलिस के सुपुर्द किया गया। बालक ने अपना नाम रेहान पुत्र दिलशाद निवासी लोनी, दिल्ली बताया। जानकारी के अनुसार बालक अपनी मां व नाना-नानी के साथ एक शादी समारोह में आया था, जहां वह किसी तरह उनसे बिछड़ गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बालक के परिजनों की तलाश शुरू की।

प्रयासों के बाद पुलिस ने बालक को उसकी दादी नजमा पत्नी आफताब निवासी अमरोहा तथा सुल्तान पुत्र फिदा हुसैन निवासी गाजियाबाद के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बच्चे को सकुशल पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस संबंध में जानकारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना चन्दौसी गिरीश पाल द्वारा दी गई।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# बातचीत, जंग साथ-साथ


पश्चिमी एशिया में जारी ईरान-अमेरिका/इस्राईल युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। 37 दिन गुजर चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद अभी तक इस युद्ध का कहीं से भी अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है। हालांकि इस बीच एक अच्छी खबर भी आई है जिसमें पर्दे के पीछे इस संघर्ष को रोकने के लिए कोशिशों की बात सामने आई है। पहली बार ईरान ने माना है कि उसे मध्यस्थता के जरिये से अमेरिका की तरफ से युद्ध को रोकने के लिए प्रस्ताव मिला है। हालांकि ईरानी विदेश मंत्रालय ने ऐसा कहते हुए यह भी जोड़ा कि जब तक अमेरिका व इस्राईल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। मंत्रालय का यह भी कहना है कि ईरान ने भी अपनी मांगों का एक अलग सैट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बगाई ने तेहरान में कहा कि इस्राईल अमेरिका की कोई रेडलाइन नहीं है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की कोई परवाह नहीं करते। उन्होंने अमेरिका के कथित 15 सूत्रीय प्रस्ताव को तर्कहीन करार दिया। उनका कहना था कि किसी भी समझौते को तभी स्वीकार किया जाएगा जब ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में होगा। उन्होंने अस्थाई युद्ध के बदले होर्मुज को खोलने के लिए मना कर दिया। एक अन्य सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के प्रस्ताव की समीक्षा चल रही है लेकिन दबाव में फैसला नहीं लिया जाएगा। इसका मतलब साफ है कि पाकिस्तान अभी भी मध्यस्थता की भूमिका में बना हुआ है। ईरान ने साफ किया कि युद्ध विराम के बलदे होर्मुज नहीं खोलेगा। ईरान का अभी भी यह मानना है कि अमेरिका स्थायी युद्ध विराम के लिए तैयार नहीं है और ईरान के लिए अस्थायी युद्ध का कोई मतलब नहीं है। बात घूम-फिरकर फिर वहीं आ जाती है, जब तक दोनों पक्षों के बीच में ऐसे कदम नहीं उठाए जाएंगे, जिससे जो अविश्वास की खाई जो बहुत गहरी हो चुकी है, उसको पाटा नहीं जाएगा तब तक किसी शांति समझौते पर पहुंचना आसान नहीं होगा। इस समय भी यही दिखाई दे रहा है। शांति के प्रयास भी हो रहे हैं और युद्ध की तीव्रता में किसी तरह की कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। दोनों ओर से ताबड़तोड़ हमले हो रहे हैं। इन हमलों का दायरा इतना बढ़ चुका है कि अब इसकी जद में पुल, यूनिवर्सिटी, स्कूल, हेल्थ सेंटर भी आने लगे हैं। सवाल है ऐसे में संघर्ष विराम पर कैसे अमल होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सुपर पॉवर के राष्ट्रपति को बिल्कुल भी शोभा नहीं देती। वह अभी भी ईरान को धमकीभरी भाषा में चेता रहे हैं। उन्होंने अपने दस दिनों के अल्टीमेटम में अब 48 घंटों का अतिरिक्त इजाफा कर दिया है, लेकिन वह भी धमकी के साथ कि होर्मुज को खोलो नहीं तो पता नहीं क्या हो जाएगा।

## नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो



प्रधानमंत्री मोदी के पास रसोई गैस (एलपीजी) संकट से निपटने की कोई नीति नहीं है और इस समय भी वही अवस्था देखने को मिल रही है जो देश के लोगों ने कोविड के समय देखी थी, मोदी जी ने कहा था कि एलपीजी संकट को कोविड की तरह हैंडल करेंगे और सच में वही किया, बिल्कुल कोविड के जैसे ही नीति शून्य, घोषणा बड़ी और बोझ गरीबों पर, हर रोज 500-800 की दिहाड़ी कमाने वाले प्रवासी श्रमिकों के लिए रसोई गैस पहुंच से बाहर हो गई है, रात को घर लौटते मजदूर के पास चूल्हे जलाने तक के पैसे नहीं, नतीजा शहर छोड़ो, गांव भागो, जो मजदूर कपड़ा मिल्स और फैक्टरियों की रीढ़ हैं, आज वही टूट रहे हैं। कपड़ा क्षेत्र पहले से ही गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में है। -राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# राजनीति का नया भूगोल लोकसभा विस्तार व नारी शक्ति का नया उदय





ओ.पी. पाल

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में 16 अप्रैल का दिन एक युगांतरकारी मोड़ साबित हो सकता है। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को धरातल पर उतारने के लिए एक साहसिक और दूरगामी योजना तैयार की है। इस योजना के केंद्र में केवल महिला आरक्षण ही नहीं, बल्कि लोकसभा की संरचना में अब तक का सबसे बड़ा विस्तार भी शामिल है। मसलन नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बड़े संशोधनों के साथ ही लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी की तैयारी कर ली है। इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य न केवल विधाई निकायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है, बल्कि दशकों से लंबित परिसीमन की प्रक्रिया को एक नई दिशा देना भी है। सरकार द्वारा इस तैयारी के लिए खींचे गए खाके को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि वह महिलाओं को संसद में भेजने के अपने वादे को 2029 के आम चुनाव तक हर हाल में पूरा करना चाहती है। देश को उम्मीद है कि लोकसभा की नई सरंचना न केवल भारत की बढ़ती आबादी का प्रतिनिधित्व करेगी, बल्कि नारी शक्ति को राष्ट्र के नीति-निर्माण में बराबर का हिस्सेदार बनाएगी।

संसद के बजट सत्र के अंतिम दिन केंद्र सरकार ने भारतीय राजनीति और संसदीय इतिहास में उस समय चौंकाने वाला निर्णय लिया, जिसमें अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने वाले बजट सत्र को समाप्त करने के बजाय, 16 अप्रैल सुबह 11 बजे तक के लिए टाल दिया गया है। यानी संसद के बजट सत्र का यह विशेष हिस्सा अब 16 से 18 अप्रैल तक फिर से चलेगा। केंद्र सरकार का मकसद महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को समय से पहले जमीन पर उतारना है। सरकार का पूरा फोकस अब उस कानूनी अड़चन को खत्म करना है, जो महिला आरक्षण और जनगणना तथा परिसीमन के बीच फंसी हुई है। दरअसल 2023 में पास हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुताबिक, आरक्षण अगली जनगणना के बाद ही लागू हो सकता था, जिसमें वर्षों का समय लगना स्वाभाविक था। अब सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर ही लंबित परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए संशोधन बिल लाने की तैयारी में है। सरकार चाहती है कि महिलाओं को उनके हक के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। इसलिए जनगणना और परिसीमन की तकनीकी अड़चनों को दूर करने के लिए यह सत्र मील का पत्थर साबित होगा।

इस सत्र के विस्तार का सबसे बड़ा आकर्षण लोकसभा सीटों का पुनर्गठन हो सकता है। चर्चा है कि सरकार सदन में सीटों की संख्या 543 में 50 फीसदी सीटे बढ़ाने का प्रस्ताव है, जिससे लोकसभा की 816 सीटें होने पर 33 प्रतिशत यानी एक-तिहाई आरक्षण के फार्मूले के तहत लोकसभा में लगभग 273 सीटें सीधे महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। मसलन इन 273 सीटों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उनके आरक्षित कोटे के भीतर सीटें तय होंगी।

संसद में यदि यह संशोधन पास होता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले ही देश की संसद का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा और महिलाओं की भागीदारी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच जाएगी। माना जा रहा है कि इसके लिए बजट सत्र की आगामी तीन दिन की बैठकों में सरकार जहां एक संविधान संशोधन विधेयक के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव करेगी। वहीं दूसरा सामान्य विधेयक परिसीमन अधिनियम में संशोधन लाएगी।

इन दोनों प्रस्तावित कानून 31 मार्च 2029 से लागू किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो आगामी लोकसभा चुनावों और ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनावों में महिलाओं को आरक्षण मिल सकेगा। यही फॉर्मूला राज्यों की विधानसभाओं में भी लागू किया जाएगा, ताकि पंचायत से लेकर संसद तक महिलाओं की राजनी. तिक भागीदारी का एक समान ढांचा तैयार हो सके। माना जा रहा है कि उत्तर बनाम दक्षिणसीटों की संख्या बढ़ने से बड़े राज्यों, विशेषकर हिंदी भाषी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा। नए परिसीमन के जरिए राज्यों में फिलहाल संसदीय सीटों में 50 फीसदी बढ़ोतरी होगी और उत्तर प्रदेश में यह संख्या सबसे ज्यादा होकर तीन अंक में पहुंच जाएगी।

### लोकसभा का ऐतिहासिक विस्तार

वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या 543 है, जो 1971 की जनगणना के आधार पर टिकी हुई है। सरकार के नए प्रस्ताव के अनुसार यदि सीटों में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो यह संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी। इस विस्तार का आधार 2011 की जनगणना को बनाया जाएगा यानी अब 2011 के आंकड़ों के आधार पर ही सीटों का पुनर्गठन (परिसीमन) किया जाएगा। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नई जनगणना में होने वाली देरी के कारण आरक्षण के क्रियान्वयन में बाधा आ रही थी। यदि ए दोनों विधेयक संसद में पारित हाते हैं, तो महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। जिनमें महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित होंगी। बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है, जहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। मध्यप्रदेश में 29 से 44 सीटों में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 39 से 59 प्रस्तावित सीटों में 20 और दिल्ली प्रस्तावित 11 में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है, जहां फिलहाल 14 सीटें हैं। ऐसे ही अन्य राज्यों की सीटे भी नए परिसीमन में बढ़ेंगी।

### कानूनी और राजनीतिक चुनौतियां

सरकार को हालांकि इस ऐतिहासिक बदलाव को अमली जामा पहनाने के लिए दो मोर्चों पर काम करना होगा। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए सरकार को संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता है।

यानी इन दोनों विधेयकों को पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है। यही कारण है कि इसके लिए गृहमंत्री अमित शाह सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और एआईएमआईएम जैसे विपक्षी दलों के साथ निरंतर संवाद कर रहे हैं। दरअसल विपक्ष में खासतौर से कांग्रेस और कई क्षेत्रीय दल लगातार मांग कर रहे हैं कि महिला कोटे के भीतर ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान होना चाहिए, क्योंकि फिलहाल इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान शामिल नहीं है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार सरकार इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

# इतिहास बदलने और भविष्य गढ़ने वाले कदम

**वारिसों और महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकार अब सुनिश्चित और संरक्षित हैं। यह प्रावधान माननीय और दुरुपयोग को रोकता है और दानकर्ताओं के विश्वास को सुदृढ़ करता है। संपत्तियों की संख्या बढ़ेगी और उनका उपयोग स्पष्ट, न्यायपूर्ण और कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित होगा। यह कदम वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को समाप्त करते हुए समुदाय में भरोसा, स्थिरता और सुरक्षा की नई भावना पैदा करेगा। विवाद समाधान प्रक्रिया में सुधार न्याय की गति को तेज करेगा और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। अब ट्रिब्यूनल के पफैसलों पर हाईकोर्ट में अपील का अधिकार होगा।**



प्रो. आर.के. जैन

जब कोई कानून केवल कागजों तक सीमित नहीं रहकर समाज की रोजमर्रा की जिंदगी में वास्तविक बदलाव लाता है, तभी उसका ऐतिहासिक महत्व अमिट हो जाता है। राष्ट्रपति की अंतिम मंजूरी के साथ वक्फ संशोधन कानून ने भारतीय वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक न्याय की दिशा में एक निर्णायक और क्रांतिकारी कदम है। पुराने तंत्र में भ्रष्टाचार, मनमानी और अतिक्रमण ने संपत्तियों से मिलने वाले वास्तविक लाभ को लगातार रोके रखा था। अब वक्फ बोर्ड आधु. निक तकनीक, उत्तरदाई प्रबंधन और समावेशी .ष्टिकोण के साथ काम करेगा। इसका असर केवल संपत्तियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और गरीबी उन्मूलन जैसी मूलभूत जरूरतों में सीधे दिखाई देगा। यह परिवर्तन करोड़ों मुस्लिम परिवारों के लिए सुरक्षा, विश्वास और समृद्धि का एक नया संदेश लेकर आया है। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पहले अनियमित. ताओं और विवादों की लंबी श्रंखला रही, जिसने उनकी वास्तविक उपयोगिता और विकास को लगातार बाधित किया। मनमाने दावे, लंबित मुकदमे और अतिक्रमण ने कई संपत्तियों को विवादास्पद और अनुपयोगी बना दिया था। अब डिजिटल पोर्टल और ऑटोमेशन के माध्यम से प्रत्एक संपत्ति का पूरा जीवनचक्र ट्रैक किया जाएगा। पंजीकरण, लेखा-जोखा, ऑडिट और मुकदमेबाजी सभी ऑनलाइन और पारदर्शी होंगे। छह माह के भीतर सभी संपत्तियां पोर्टल पर दर्ज हो जाएंगी, जिससे कोई भी संपत्ति छिपी नहीं रहेगी। यह पारदर्शिता भ्रष्टाचार को कम करेगी और वक्फ बोर्ड को एक वैज्ञानिक, उत्तरदाई और आधुनिक संस्था में परिवर्तित कर देगी। परिणामस्वरूप, संपत्तियों का उपयोग अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और न्यायसंगत ढंग से सुनिश्चित होगा।

